# अपने फोन को जानें




*फिलिप्स लगातार अपने उत्पादों में सुधार करने का प्रयास करती रहती है। अतः, फिलिप्स के पास इस उपयोगकर्ता निर्देशिका के पुनरावलोकन या इसे किसी भी समय बिना किसी सूचना के वापिस लेने का अधिकार सुरक्षित है। फिलिप्स यह उपयोगकर्ता निर्देशिका को "वर्तमान रुप" में प्रदान करती है और, उचित कानून की आवश्यकता के अतिरिक्त, कोई त्रुटि, चूक या इस उपयोगकर्ता निर्देशिका और वर्णित उत्पाद के बीच कोई विसंगति के लिए दायित्व स्वीकार नहीं करती। यह उपकरण जीएसएम/जीपीआरएस नेटवर्क्स से जोड़े जाने के लिए है।*


## किस प्रकार ...

| | |
|---|---|
| **फोन चालू/बंद करने के लिए** | को देर तक दबाएं। |
| **अपना पिन कोड प्रविष्ट करने के लिए** | कुन्जीपटल के प्रयोग द्वारा अपना पिन कोड भरें और पुष्टि करने के लिए दबाएं। |
| **कॉल करने के लिए** | कुन्जीपटल के प्रयोग द्वारा फोन नम्बर भरें और डायल करने के लिए दबाएं। |
| **कॉल समाप्त करने के लिए** | दबाएं। |
| **कॉल का उत्तर देने के लिए** | अपना फोन बजने पर दबाएं। |
| **कॉल अस्वीकार करने के लिए** | अपना फोन बजने पर दबाएं। |
| **कुन्जीपटल को लॉक/अनलॉक करने के लिए** | को देर तक दबाएं। |
| *नाम सूची* **को एक्सेस करने के लिए** | निष्क्रिय अवस्था में ▼ दबाएं। |
| *कॉल सूची* **को एक्सेस करने के लिए** | निष्क्रिय अवस्था में दबाएं। *कॉल सूची* सभी छूटी, डायल की गई और प्राप्त कॉलें प्रदर्शित करती है। |

| | |
|---|---|
| **मुख्य मीनू को एक्सेस करने के लिए** | निष्क्रिय अवस्था में [OK] दबाएं। |
| **पिछले मीनू में जाने के लिए** | उपलब्ध होने पर [C] दबाएं। |
| **निष्क्रिय अवस्था में शीघ्र लौटने के लिए** | [C] को देर तक दबाएं। |

## मुख्य मीनू

मुख्य मीनू से आप अपने मोबाइल फोन के एक ग्रिड के रूप में प्रदर्शित सभी विभिन्न लक्षणों तक पहुँच सकते हैं। नीचे दी गई तालिका संक्षेप में *मीनू* के क्रम, वहाँ प्राप्त विभिन्न चिह्नों के अर्थ, और इस निर्देशिका में विषय-संबंधी विस्तृत जानकारी वाले पृष्ठ, प्रदर्शित करती है।

| | | |
|---|---|---|
| *कॉल सूचना*  पृष्ठ 14 | *मल्टीमीडिया*  पृष्ठ 28 | *सेटिंग्स*  पृष्ठ 25 |
| *प्रचालक सेवा*  पृष्ठ 30 | *संदेश*  पृष्ठ 19 | *खेल और एप्लीकेशन*  पृष्ठ 33 |
| *वैप*  पृष्ठ 36 | *पता पुस्तिका*  पृष्ठ 41 | *एप्लीकेशन*  पृष्ठ 39 |

निष्क्रिय अवस्था में *मीनू* को एक्सेस करने के लिए [OK] दबाएं, फिर मध्य नेवीगेशन कुन्जी — वर्तमान निर्देशिका में ▲, ▼, ◀ या ▶ चिह्नों के माध्यम से प्रदर्शित — का प्रयोग चित्रों एवं सूचियों को ब्राउज़ करने लिए करें। किसी सूची में नेवीगेट करने के लिए, स्क्रीन की दाईं ओर स्थित एक स्क्रॉल बार सूची में आपकी वर्तमान स्थिति दर्शाती है। सूचियों के अन्दर, चुनी गई वस्तु से संबंधित विकल्प को एक्सेस करने के लिए [OK] दबाएं, एक स्तर पीछे जाने के लिए [C] दबाएं।

# निर्देशिका प्रयोग करने की विधि

वर्तमान निर्देशिका इस प्रकार विभाजित की गई है:

| | |
|---|---|
| *अपने फोन को जानें* | वर्तमान भाग आपके मोबाइल फोन का विवरण और सामान्यतः प्रयोग होने वाले लक्षणों के विषय में जानकारी प्रस्तुत करता है। |
| *अध्याय 1 : शुरुआत* | आपके मोबाइल फोन को पहली बार सेट करने संबंधी जानकारी: सिम कार्ड, बैटरी, आदि स्थापित करना। |
| *अध्याय 2 : कॉल करना* | कॉल करने एवं प्राप्त करने संबंधी जानकारी। |
| *अध्याय 3 : पाठ्य प्रविष्टि* | संख्यात्मक कुन्जीपटल के प्रयोग द्वारा पाठ्य प्रविष्ट करने संबंधी जानकारी। |
| *अध्याय 4 से 12* | ये अध्याय *मुख्य मीनू* के प्रत्येक भाग को एक-एक कर प्रस्तुत करते हैं। |
| *अन्य भाग* | अध्याय 12 के बाद चित्र एवं चिह्न, सावधानियाँ, दोष-निवारण, फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण, एसएआर जानकारी (यदि प्रकाशन में उपलब्ध हो, अन्यथा एक विशिष्ट दस्तावेज़ के रूप में शामिल), और अंत में सीमित वारंटी के भाग हैं। |

# विषय-वस्तु


1. शुरुआत ........................................................ 5
   - सिम कार्ड डालना ........................................ 5
   - फोन चालू करना ........................................ 7
   - बैटरी चार्ज करना ........................................ 7
   - हॉटकुन्जियाँ सेट करना ................................ 8
2. मुख्य विशेषताएं ............................................ 9
   - कॉल करना ................................................ 9
   - कॉल का उत्तर देना और समाप्त करना .................. 9
   - एक से अधिक कॉलें करना .............................. 10
3. पाठ्य प्रविष्टि ............................................ 12
   - T9® पाठ्य इनपुट ........................................ 12
   - परम्परागत पाठ्य इनपुट .................................. 12
4. कॉल सूचना ................................................ 14
   - मेल बॉक्स ................................................ 14
   - कॉल सूची ................................................ 14
   - सेटिंग .................................................... 15
   - नेटवर्क .................................................. 16
   - कॉल अग्रेषित करना .................................... 17
   - कॉल रोधन .............................................. 18
5. सन्देश .................................................... 19
   - नया एमएमएस .......................................... 19
   - नया एसएमएस .......................................... 20
   - इनबॉक्स ................................................ 20
   - आउटबॉक्स .............................................. 21
   - एसएमएस गपशप ........................................ 22
   - अभिलेख .................................................. 22
   - सेटिंग्स .................................................. 22
   - प्रसारण एसएमएस ...................................... 24
   - टेम्प्लेट .................................................. 24
6. सेटिंग .................................................... 25
   - ध्वनियाँ .................................................. 25
   - प्रदर्शन .................................................. 25
   - अन्य सेटिंग .............................................. 26
   - हॉटकुन्जियाँ ............................................ 26
   - सुरक्षा .................................................... 27
7. मल्टीमीडिया .............................................. 28
   - चित्र एल्बम .............................................. 28
   - ध्वनि एल्बम .............................................. 28
   - मेमोरी स्थिति ............................................ 29
8. ऑपरेटर सेवाएं ............................................ 30
   - वैप ........................................................ 30
   - कड़ियाँ .................................................... 32
9. खेल एवं अनुप्रयोग ........................................ 33
   - खेल एवं अनुप्रयोग में उपमीनू ........................ 33

जावा अनुप्रयोग ........ 33
खेल ........ 33
सेटिंग ........ 35
10. वैप ........ 36
मुख्यपृष्ठ ........ 36
पृष्ठचिह्न ........ 36
यूआरएल पर जाएं ........ 36
सेटिंग ........ 37
पुश इनबॉक्स ........ 37
विकल्प ........ 38
11. अनुप्रयोग ........ 39
कैलकुलेटर ........ 39
अलार्म घड़ी ........ 39
संगठक ........ 40
12. पता पुस्तिका ........ 41
पता पुस्तिका चुनना ........ 41
संपर्क जोड़ना ........ 41
संपर्क संपादित एवं प्रबंधित करना ........ 41
चित्र एवं चिह्न ........ 43
सावधानियाँ ........ 44
दोष-निवारण ........ 48
फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण ........ 50
ट्रेडमार्क कथन ........ 51
एसएआर जानकारी - ईयू (आरटीटीई) ........ 52
एसएआर जानकारी - अंतर्राष्ट्रीय ........ 53
सीमित वारंटी ........ 54
अनुरूपता कथन ........ 56

# 1. शुरुआत


*प्रयोग करने से पहले कृपया "सावधानियाँ" भाग में सुरक्षा निर्देश पढ़ें।*

अपना फोन प्रयोग करने के लिए, आपको अपने जीएसएम ऑपरेटर या विक्रेता द्वारा प्रदान किया गया एक वैध सिम कार्ड डालना होगा। सिम कार्ड में आपकी सेवा संबंधी जानकारी, आपका मोबाइल टेलीफोन नम्बर, और एक मेमोरी शामिल हैं जिसमें आप फोन नम्बर और संदेश रक्षित कर सकते हैं। (अधिक जानकारी हेतु, पृष्ठ 41 पर "पता पुस्तिका" देखें)।

## सिम कार्ड डालना

### *पिछला कवर हटाना*

सिम कार्ड डालने के लिए, आपको पहले पिछला कवर हटाना होगा। कवर हटाने के लिए बटन दबाएं और कवर खिसकाएं।



### *बैटरी निकालना*


बैटरी निकालने के लिए, निचले बाएं कोने से आंतरिक क्लिप को दबाते हुए बैटरी को ऊपर खींचें।




*फ़ोन चालू रहने पर आपके द्वारा बैटरी निकालने पर आपकी संपूर्ण व्यक्तिगत सेटिंग्स लुप्त हो सकती हैं।*

### *सिम कार्ड डालना*

सिम कार्ड होल्डर को उसके कब्ज़े पर उठाएं, फिर सिम कार्ड को दिए गए स्थान में रखें। यह सुनिश्चित कर लें कि कार्ड का कटा हुआ कोना सही कोने में हो और सुनहरे सम्पर्क नीचे की ओर हों।



कार्ड होल्डर को लॉक्ड अवस्था में बंद करें।



## *बैटरी बदलना*

धातु के संपर्कों को नीचे रखते हुए, बैटरी को उसके स्थान में रुकने तक खिसकाएं। फिर उसे नीचे दबाते हुए लॉक करें।



## *पिछला कवर बदलना*

पिछले कवर को उसके स्थान में रुकने तक नीचे की ओर खिसकाएं।



फोन प्रयोग करने से पहले स्क्रीन पर लगी सुरक्षात्मक फिल्म हटाएं।

## फोन चालू करना

फोन चालू करने के लिए, ⏻ कुन्जी को देर तक दबाएं। आवश्यकता पड़ने पर पिन कोड डालें। पिन कोड आपके सिम कार्ड के लिए 4- से 8- अंकों का गुप्त कोड होता है। यह पूर्वनिर्धारित होता है और आपको आपके ऑपरेटर या विक्रेता द्वारा बताया जाता है।

*यदि आप तीन बार एक गलत पिन कोड डालते हैं, तो आपका सिम कार्ड अवरुद्ध हो जाएगा। उसका अवरोधन हटाने के लिए, आपको अपने ऑपरेटर से पीयूके कोड प्राप्त करने हेतु निवेदन करना होगा।*

आपके द्वारा अपने नए सिम के साथ पहली बार अपना फोन चालू करने पर, आपको अपने फोन को वैयक्तिक बनाने के लिए निम्न क्रिया के लिए कहा जाएगा:

| | |
|---|---|
| *अपने मोबाइल को आसानी से अनुकूल बनाना* | अनुकूलन स्वीकार करने के लिए OK दबाएं। |
| *इनकमिंग कॉलों के लिए अपनी धुन चुनना* | OK दबाएं। धुनों की एक सूची प्रदर्शित होती है। जिसे आप चाहते हैं वह चुनें और पुनः OK दबाएं। |
| *अपना वॉलपेपर चुनना* | OK दबाएं। फिर वॉलपेपर के लिए *ऑन* या *ऑफ* चुनें। चित्र फाइलों की एक सूची प्रदर्शित होती है। जिसे आप चाहते हैं वह चुनें और पुनः OK दबाएं। शब्द *सक्रिय* प्रदर्शित होता है। |
| *अपनी पता पुस्तिका चुनना (सिम या फोन)* | OK दबाएं। फिर *सिम कार्ड में* या *फोन में* चुनें। पुनः OK दबाएं। फिर शब्द *अनुकूलन संपन्न* प्रदर्शित होता है। |

## बैटरी चार्ज करना

आपके फोन को एक पुनः चार्ज करने योग्य बैटरी द्वारा ऊर्जा प्रदान की जाती है। एक नई बैटरी आंशिक रूप से चार्ज होती है और, बैटरी सतर्क *ऑन* होने पर, बैटरी का स्तर कम होने पर एक अलार्म आपको चेतावनी देगा।
बैटरी और बैटरी का कवर वापिस लगाने के बाद आप फोन को चार्ज कर सकते हैं। नीचे दर्शाए गए तरीके के अनुसार कनेक्टर लगाएं। फिर दूसरे सिरे को मेन एसी पॉवर सॉकेट से जोड़ें।



बैटरी का चिह्न चार्ज की अवस्था दर्शाता है। चार्जिंग के दौरान, चार्ज संकेतक स्क्रॉल करेंगे; आपके मोबाइल फोन को पूर्णतः पुनः चार्ज करने के लिए लगभग 2.5 घंटे लगेंगे। सभी स्क्रॉल बार पूर्णतः बैटरी स्थिर हो जाने पर चार्ज हो जाएगी। फिर आप चार्जर को बंद कर सकते हैं।

नेटवर्क और प्रयोग की स्थिति पर निर्भर करते हुए, बातचीत का समय 10 घंटे तक और स्टैंड-बाई का समय 1000 घंटे तक पहुँच जाता है।
बैटरी पूर्णतः चार्ज होने पर चार्जर को मोबाइल से लगाए रखने से बैटरी को कोई हानि नहीं होगी। चार्जर को बंद करने का एकमात्र तरीका उसे हटाना है, अतः आसान पहुँच वाले किसी ए सी पॉवर सॉकेट का प्रयोग करें। आप चार्जर को किसी आई.टी. सप्लाई से भी जोड़ सकते हैं।

## हॉटकुन्जियाँ सेट करना

केवल संख्यात्मक कुन्जी को देर तक दबाकर अपने पसंदीदा लक्षण तक पहुँचने के लिए आप संख्यात्मक कुन्जियों 2 से 9 को कॉन्फिगर कर सकते हैं। कई हॉटकुन्जी शॉर्टकट पूर्व-निर्धारित हैं।

# 2. मुख्य विशेषताएं

## कॉल करना

### *निष्क्रिय स्क्रीन से*

1. निष्क्रिय अवस्था में, कुन्जीपटल द्वारा फोन नम्बर डालें। कोई त्रुटि सही करने के लिए, दबाएं।
2. नम्बर डायल करने के लिए दबाएं।
3. कॉल समाप्त करने के लिए दबाएं।

अंतर्राष्ट्रीय कॉल करने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय पूर्वलग्न "+" प्रविष्ट किया जाता है, जिसके लिए को देर तक दबाएं।

### *फोनबुक प्रयोग करना*

1. निष्क्रिय अवस्था में ▼ दबाएं।
2. सूची से एक सम्पर्क चुनें। यदि आप ऑनबोर्ड फोनबुक का प्रयोग कर रहे हों और चुनिंदा संपर्क में एक से अधिक नंबर हैं, तो प्राथमिक नंबर स्वत: ही चुना जाएगा। कोई अन्य नंबर चुनने के लिए, ◀ या ▶ दबाएं (अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 41 पर ''श्पता पुस्तिकाश्'' देखें)।
3. चुनिंदा नंबर डायल करने के लिए दबाएं।
4. समाप्त करने के लिए दबाएं।

## कॉल का उत्तर देना और समाप्त करना

कोई कॉल प्राप्त होने पर, कॉलकर्ता द्वारा अपनी आईडी प्रदर्शित करने के चुनाव के अनुसार, कॉलकर्ता का नम्बर प्रदर्शित हो सकता है। यदि नम्बर चुनिंदा फोनबुक में रक्षित किया गया है, तो नम्बर के बदले संबद्ध नाम प्रदर्शित होता है।

- **कॉल का उत्तर देने के लिए:** दबाएं।
- **कॉल अस्वीकार करने के लिए:** दबाएं। आपके द्वारा *कॉल आगे करना* सक्रिय होने पर, कॉल किसी नंबर या ध्वनिमेल पर अंतरित हो जाएगी।
- **रिंगर को मूक करने के लिए:** दबाएं। यह कॉल को अस्वीकार/स्वीकार किए बिना केवल ध्वनि को बंद करता है।
- **कॉल समाप्त करने के लिए:** दबाएं।

*मौन मोड में होने पर फोन नहीं बजेगा।*

यदि आपने *किसी भी कुंजी से उत्तर दें* चुना है, तो आप, को छोड़कर, कोई भी कुन्जी दबाकर कॉल का उत्तर दे सकते हैं।

### *ईयरपीस की ध्वनि नियोजित करना*

कॉल के दौरान, ध्वनि प्रबलता बढ़ाने या घटाने के लिए ▲ या ▼ नेवीगेशन कुन्जियाँ दबाएं।

### *कॉल विकल्प*

कॉल के दौरान आप OK कुन्जी दबाकर निम्न विकल्प एक्सेस कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| *मौन* | कॉल ध्वनि बंद करने के लिए। |
| *पता पुस्तिका* | पता पुस्तिका पर जाने के लिए। |
| *एस एम एस* | आपको एसएमएस अभिलेखित करने, नया एसएमएस भेजने, अपने इनकमिंग एसएमएस देखने, और अपना एसएमएस आउटबॉक्स देखने में सहायता करता है। |
| *कॉल सूची* | पिछली आउटगोइंग और इनकमिंग कॉलों की सूची एक्सेस करने के लिए। |
| *व्यवस्थापक* | संगठक पर जाने के लिए। |
| *नोटपैड* | आपके द्वारा प्राप्त कोई फोन नंबर प्रविष्ट करने के लिए नोटपैड का प्रयोग करें। उस नंबर को रक्षित करने के लिए। |
| *कॉल समाप्त* | कॉल समाप्त करने के लिए। |

## एक से अधिक कॉलें करना

एक साथ दो या अधिक कॉलें या कॉन्फ्रेन्स कॉलें करना आपके ऑपरेटर और/अथवा सेवा पर निर्भर करता है।

### *दूसरी कॉल करना*

किसी सक्रिय कॉल या होल्ड पर कॉल के दौरान आप दूसरी कॉल कर सकते हैं। फोन पर बात करते हुए, कोई नंबर डायल करें (या फोनबुक में संपर्क चुनें), और ⌐ दबाएं। पहली कॉल होल्ड कर दी जाती है (नंबर स्क्रीन के नीचे प्रदर्शित होता है) और दूसरा नंबर डायल किया जाता है। फिर आप विकल्प चुनने के लिए OK दबा सकते हैं जिनमें शामिल हैं:

- *कॉल बदलें* कॉलें बदलने के लिए (कॉलें बदलने के लिए आप ◀ या ▶ दबा सकते हैं)।
- *स्थानांतर* कॉलें जोड़ने के लिए। स्थानांतरण पूर्ण होने पर आपका संपर्क समाप्त हो जाता है।
- *सम्मेलन* कॉलकर्ता को एक कॉन्फ्रेन्स कॉल में लाने के लिए।

### *दूसरी कॉल का उत्तर देना*

आपके द्वारा पहले से बातचीत जारी रहने पर अगर दूसरी कॉल आती है, जो फोन एक बीप सतर्क देता है और स्क्रीन पर *कॉल प्रतीक्षा* प्रदर्शित होता है। फिर आप:

| | |
|---|---|
| ⌐ दबाएं | कॉल का उत्तर देने के लिए (पहली कॉल होल्ड पर रखी जाती है)। |
| ⊙ दबाएं | कॉल अस्वीकार करने के लिए। |

***दूसरी कॉल प्राप्त करने हेतु, आपके द्वारा वॉयस कॉलों के लिए** कॉल आगे करें **निष्क्रिय (और** कॉल प्रतीक्षा **सक्रिय किया गया होना चाहिए)।***

### *तीसरी कॉल का उत्तर देना*

यदि आप कॉल में हो और एक कॉल होल्ड पर हो, तो आप तीसरी कॉल भी प्राप्त कर सकते हैं। ऐसा करने के लिए, आपको कोई एक कॉल समाप्त करनी होगी या नए कॉलकर्ता को एक कॉन्फ्रेन्स में लाना होगा।

| | |
|---|---|
| दबाएं | कॉल अस्वीकार करने के लिए। |
| दबाएं | विकल्प सूची खोलने के लिए। इनकमिंग कॉल का उत्तर देने के लिए आप *स्वीकार*, या वर्तमान कॉल को समाप्त करने के लिए आप *कॉल समाप्त* चुन सकते हैं, फिर इनकमिंग कॉल का उत्तर दें। |

*यह सेवा दो वर्तमान वार्तालापों तक सीमित है (एक सक्रिय और एक होल्ड पर)।*

### *कॉन्फ्रेन्स कॉल*

*सेवा पर निर्भर।*

एक कॉन्फ्रेन्स कॉल कई आउटगोइंग कॉलें करके या एक विविध कॉल संदर्भ में सक्रिय की जाती है। यह आपको एक साथ पाँच लोगों से बात करने में सहायता करती है।

1. किसी के साथ पहली कॉल करें, फिर दूसरी (ऊपर देखें)।
2. दबाएं और *सम्मेलन* चुनें। पाँच सदस्यों से संपर्क होने तक प्रक्रिया दोहराएं।
3. कॉन्फ्रेन्स के किसी सदस्य को हटाने के लिए *साझी हटाएं* चुनें, या केवल इस सदस्य के साथ व्यक्तिगत कॉल के लिए *व्यक्तिगत कॉल* चुनें (अन्य सदस्यों को होल्ड पर रखा जाता है)।
4. इन सभी कॉलों को एक साथ समाप्त करने के लिए दबाएं।

यदि कॉन्फ्रेन्स कॉल के दौरान कोई इनकमिंग कॉल हो और पाँच से कम सदस्य हों, तो आप इस नई कॉल को स्वीकार कर सकते हैं और इस सदस्य को *सम्मेलन* कॉल में जोड़ सकते हैं (यदि पहले से पाँच सदस्य संपर्क में हों, तो आप कॉल का उत्तर दे सकते हैं, परन्तु उसे कॉन्फ्रेन्स में नहीं जोड़ सकते)।

# 3. पाठ्य प्रविष्टि

सम्पादन स्क्रीनों में दो विभिन्न तरीकों से पाठ्य प्रविष्ट किया जा सकता है: T9® पूर्वाभास पाठ्य इनपुट या परम्परागत पाठ्य इनपुट के प्रयोग द्वारा। इन दो विधियों का प्रयोग करने हेतु तकनीकें नीचे वर्णित हैं।

## T9® पाठ्य इनपुट

TEXT INPUT

Tegic Euro. Pat. App. 0842463

T9® पूर्वाभास पाठ्य इनपुट एक मोबाइल फोन में पाठ्य प्रविष्ट करने हेतु एक बुद्धिमत्तापूर्ण संपादन अवस्था है। यह आपके द्वारा दबाई गई कुन्जियों के आधर पर आपके इच्छित शब्द को अनुमानित कर आपको अधिक तीव्रता से पाठ्य प्रविष्ट करने में सहायता करता है। कोई शब्द बनाने के लिए आपको हर आवश्यक अक्षर की सदृश कुन्जी को केवल एक बार दबाना होगा और आपके द्वारा प्रयुक्त कुन्जियों के आधर पर T9® एक शब्द सुझाती है। कई शब्द उपलब्ध होने पर, सूची में पहला शब्द प्रदर्शित और हाईलाइट किया जाता है। सूची ब्राउज़ करने के लिए ▲ या ▼ दबाएं और शब्द प्रविष्ट करने के लिए [OK] दबाएं।

### *इसे कैसे प्रयोग करें?*

प्रत्येक कुन्जी द्वारा दर्शाए जाने वाले अक्षर और चिह्न इस प्रकार हैं:

| | |
|---|---|
| [2abc] से [9wxyz] | अक्षर प्रविष्ट करने के लिए। |
| ▲ या ▼ | संभावित शब्दों की सूची ब्राउज़ करने के लिए। |
| ▶ | इस कुन्जी को दबाएं उसके बाद एक खाली स्थान दें। |
| [C] | बैकस्पेस हेतु लघु दबाएं, सम्पूर्ण पाठ्य हटाने के लिए देर तक दबाएं। |
| [0] | अक्षर का आकार बदलने हेत — सामान्य, छोटे या बड़े अक्षर। |
| [#] | चिह्नों एवं विरामों की तालिका देखने हेतु। फिर 3 उपलब्ध तालिकाओं को ब्राउज़ करने हेतु ◀ या ▶ दबाएं। |
| [*] | T9® मोड से परम्परागत पाठ्य इनपुट से संख्यात्मक विधि में बदलने के लिए। |

### *उदाहरण : शब्द "होम" कैसे प्रविष्ट करें:*

1. [4ghi] [6mno] [6mno] [3def] दबाएं। स्क्रीन सूची का प्रथम अक्षर प्रदर्शित करती है: Good।
2. स्क्रॉल करने हेतु ▲ दबाएं और Home चुनें।
3. शब्द Home चुने जाने की पुष्टि करने के लिए [OK] या ▶ दबाएं।

## परम्परागत पाठ्य इनपुट

T9® से परम्परागत पाठ्य इनपुट में जाने हेतु [*] दबाएं। इस विधि में इच्छित वर्ण तक पहुँचने में एक से अधिक कुन्जियाँ दबाने की आवश्यकता होती है: अक्षर "h" कुन्जी [4ghi] पर दूसरा अक्षर है, अतः आपको "h" प्रविष्ट करने के लिए उसे दो बार दबाना होगा। एक प्रविष्टि मिटाने हेतु [C] को लघु दबाएं, सम्पूर्ण पाठ्य हटाने के लिए देर तक दबाएं।

### *उदाहरण: शब्द "होम" कैसे प्रविष्ट करें:*

[4ghi], [4ghi] (GHI) [6mno], [6mno], [6mno] (MNO), [6mno] (MNO), [3def], [3def] (DEF) दबाएं। संदेश पूर्ण होने पर [OK] दबाएं।

अक्षर, नंबर और चिह्न सामने दिए गए विवरण के अनुसार प्रत्येक कुन्जी पर स्थित हैं।

| | लघु दबाएं | देर तक दबाएं |
|---|---|---|
| 1 | रिक्त स्थान 1 . , @ / : ; " ' ! ¡ ? ¿ # + - * = % < > ( ) & £ $ ¥ | 1 |
| 2 | a b c 2 à ä å æ ç | 2 |
| 3 | d e f 3 é è Δ Φ | 3 |
| 4 | g h i 4 Γ ì | 4 |
| 5 | j k l 5 Λ | 5 |
| 6 | m n o 6 ñ ò ö | 6 |
| 7 | p q r s 7 β Π Θ Σ | 7 |
| 8 | t u v 8 ü ù | 8 |
| 9 | w x y z 9 ø Ω Ξ Ψ | 9 |
| 0 | अक्षर का आकार बदलने हेतु : सामान्य, छोटे या बड़े अक्षर। | 0 |
| # | चिह्नों एवं विरामों की तालिका खोलने हेतु। फिर 3 उपलब्ध तालिकाओं को ब्राउज़ करने हेतु ◀ या ▶ दबाएं। | पाठ्य संस्करण हेतु प्रयोग होने वाली भाषा बदलता है |
| * | मोड बदलने हेतु : T9®, परम्परागत या संख्यात्मक। | मोड भी बदलता है |

# 4. कॉल सूचना



इस भाग में वर्णित मीनू आपके मोबाइल फोन द्वारा कॉलें एवं संबंधित मूल्य प्रबंधित करने की विधि को प्रबंधित करने हेतु प्रयोग किए जाते हैं।

## मेल बॉक्स

यह मीनू आपको एक ध्वनिमेल नंबर जोड़ने या संपादित करने में सहायता करता है।

1. निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य मीनू में प्रवेश करने हेतु [OK] दबाएं।
2. *कॉल सूचना* > *मेलबॉक्स* चुनें और विकल्प एक्सेस करने हेतु [OK] दबाएं।

### *नया ध्वनिमेल नंबर जोड़ना*

1. नया ध्वनिमेल नंबर जोड़ने के लिए <नया> चुनें और [OK] दबाएं।
2. एक *नाम डालें*: आपको ध्वनिमेल नंबर के लिए नाम इनपुट करने में सहायता हेतु इनपुट स्क्रीन प्रदर्शित होती है। पूर्ण होने पर [OK] दबाएं।
3. एक *नंबर डालें*: आपको ध्वनिमेल का नंबर प्रविष्ट करने में सहमयता हेतु इनपुट स्क्रीन प्रदर्शित होती है। पूर्ण होने पर [OK] दबाएं।
4. आपको नंबर का प्रकार चुनने में सहायता हेतु *नंबर प्रकार* स्क्रीन प्रदर्शित होती है। विकल्प होंगे *फोन*, *फैक्स*, और *डाटा*। अपना चयन करें और [OK] दबाएं।
5. नया ध्वनिमेल नंबर रक्षित किया जाता है।

### *मौजूदा ध्वनिमेल नंबर संपादित करना*

एक मौजूदा ध्वनिमेल नंबर संपादित करने हेतु, नंबर चुनें और [OK] दबाएं। नाम, नंबर और ध्वनिमेल नंबर का प्रकार प्रदर्शित करने वाली एक स्क्रीन प्रदर्शित होती है। पुनः [OK] दबाएं। निम्न विकल्प एक्सेस करने के लिए एक मेलबॉक्स स्क्रीन प्रदर्शित होती है:

| | |
|---|---|
| *मिटाएं* | आपको ध्वनिमेल नंबर मिटाने में सहायता करता है। |
| *बदलें* | आपको ध्वनिमेल नंबर बदलने में सहायता करता है। |

## कॉल सूची

यह मीनू आपको *सभी कॉलें*, *छूटी कॉलें*, *प्राप्त कॉलें*, और *जाने वाली कॉलें* की सूची प्रदान करता सबसे ऊपर अत्यंत हाल की कॉल के साथ वे कालानुक्रमिक ढंग से प्रदर्शित होती हैं। मित्र आपके संपर्कों में रक्षित होने पर, रक्षित नाम प्रदर्शित होता है।

1. निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य मीनू में प्रवेश करने हेतु [OK] दबाएं।
2. *कॉल सूचना* > *कॉल सूची* चुनें और सभी कॉलों की सूची प्रदर्शित करने हेतु [OK] दबाएं।
   आप पिछले मीनू में वापिस जाने के लिए [C] कुन्जी दबा सकते हैं।

### *कॉल पुनर्डायल करना*

कॉल सूची में पहले से मौजूद किसी नंबर को पुनर्डायल करने के लिए, केवल नंबर चुनें, और नंबर पुनर्डायल करने हेतु [call] दबाएं।

### *विकल्प एक्सेस करना*

विकल्प एक्सेस करने के लिए [OK] कुन्जी दबाएं:

| | |
|---|---|
| *संदेश भेजें* | आपको सूची में दिए गए नंबर को एसएमएस या एमएमएस भेजने की अनुमति देता है। *संदेश भेजें* > *नया एस एम एस* या *संदेश भेजें* > *नया एम एम एस* चुनें। |
| *वृत्तांत* | इस कॉल की तिथि एवं समय का ब्यौरा प्रदान करने हेतु। |
| *कॉल* | चुनिंदा नंबर को कॉल करने हेतु। |
| *मिटाएं* | चुनिंदा कॉल मिटाने हेतु। |
| *पुनः सेट* | एक साथ पूरी सूची को पुनः सेट करने और सभी सूचीबद्ध कॉलें मिटाने हेतु। |

## सेटिंग

यह मीनू आपको कॉलिंग संबंधी सभी विकल्पों को सेट करने में सहायता प्रदान करता है: कॉल अंतरण, कॉल प्रतीक्षा, आदि।

### *मिनट सतर्क*

आपको कॉल के दौरान बीप बजना *ऑन* या *ऑफ* करने में सहायता करता है।

### *कॉल प्रतीक्षा*

आपको दूसरी इनकमिंग कॉल की सूचना *ऑन* या *ऑफ* करने में सहायता करता है। यह विकल्प सक्रिय होने पर, आपके द्वारा पहले से की जा रही कॉल के दौरान किसी द्वारा कॉल का प्रयास किए जाने पर आपको एक बीप सुनाई देगी। यह जानने के लिए कि कॉल प्रतीक्षा विशेषता सक्रिय है या नहीं *स्थिति* विकल्प चुनें।

### *स्वतः पुनर्डायल*

आपको किसी नंबर हेतु स्वचालित पुनर्डायल *ऑन* या *ऑफ* करने में सहायता करता है। *ऑन* होने पर, यदि आपके द्वारा कॉल किया जाने वाला व्यक्ति व्यस्त हो, तो एक सफल संपर्क स्थापित होने या प्रयासों की अधिकतम संख्या (10) पूर्ण होने तक आपका फोन स्वतः ही नंबर को पुनर्डायल करता रहेगा। प्रत्येक प्रयास के आरंभ में फोन बीप करता है और संपर्क सफल होने पर एक विशेष बीप करता है। प्रत्येक प्रयास के साथ पुनर्डायलों के बीच समय बढ़ता है।

### *गणक*

मूल्य और आपकी इनकमिंग और आउटगोइंग कॉलों की अवधि नियंत्रित करने हेतु इस विशेषता का प्रयोग किया जाता है। विकल्प हैं, *कुल अवधि* और *अवधि रिसेट करें*।

### *कॉलकर्ता आईडी*

अपने मित्र को अपनी पहचान (यानि, आपका फोन नंबर) *दिखाएं* या *छिपाएं*। *अवस्था* आपको सूचित करेगा कि कौनसा विकल्प सक्रिय है।

## नेटवर्क

यह मीनू आपको जानकारी (जैसे एसएमएस, एमएमएस, आदि) प्राप्त या प्रेषित करने हेतु नेटवर्क से संपर्क स्थापित करने में सहायता करता है।
अपने फोन ऑपरेटर के नेटवर्क पर जीपीआरएस उपलब्धता की संपूर्ण जानकारी और एक उपयुक्त सेवा के लिए उससे संपर्क करें। आपके लिए, इस भाग में वर्णित मीनू के प्रयोग द्वारा, अपने फोन को अपने जीपीआरएस ऑपरेटर द्वारा प्रदान की गई सेटिंग से संरूपित करना आवश्यक हो सकता है। फिर प्रयोग किए जाने वाले प्रत्येक अनुप्रयोग (जैसे वैप, एमएमएस, आदि) के मीनू में धारक (जीएसएम या जीपीआरएस) चुनें।

### *प्राथमिक लिस्ट*

यह मीनू आपको प्राथमिकता के क्रम में एक नेटवर्क सूची बनाने में सहायता करता है। एक बार निर्धारित करने पर, आपकी प्राथमिकताओं के अनुसार, फोन नेटवर्क पर पंजीकृत होने का प्रयास करेगा।

### *पुनः पंजीकरण करना*

हस्तचालित मोड चुनने पर आपको क्षेत्र में उपलब्ध नेटवर्क की सूची प्रदान करता है। जिस नेटवर्क मे आप पंजीकृत होना चाहते हैं वह चुनें और पुष्टि करने हेतु OK दबाएं।

### *एक्सेस सेटिंग*

यह मीनू आपको विभिन्न डाटा प्रोफाइल बनाने में मदद करता है जो विभिन्न सेवाओं से संपर्क करने हेतु प्रयोग किए जा सकते हैं: जैसे, वैप प्रयोग करते समय या एमएमएस संदेश भेजते हुए, जीएसएम या जीपीआरएस नेटवर्क से संपर्क स्थापित करने हेतु चुनिंदा प्रोफाइल का प्रयोग किया जाएगा।
नीचे वर्णित विकल्प ऑपरेटर और/अथवा सेवा पर निर्भर करते हैं। संपर्कों के दौरान त्रुटि संदेश मुख्यतः अनुचित पैरामीटर के कारण होते हैं: पहली बार प्रयोग करने से पहले, उचित सेटिंग, कुछ मामलों में जो आप एसएमएस द्वारा प्राप्त कर सकते हैं, प्राप्त करने हेतु, अपने ऑपरेटर से संपर्क करें। पुनः प्रोग्रामिंग और पुनर्नामन रोकते हुए, कुछ पूर्व-संरूपित प्रोफाइल अवरुद्ध हो सकते हैं।
सूची में एक आइटम चुनें और निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु OK दबाएं:

| | |
|---|---|
| *दिखाएं* | चुनिंदा प्रोफाइल के सभी पैरामीटर प्रदर्शित करने हेतु। |
| *नाम बदलें* | चुनिंदा प्रोफाइल को पुनर्नामित करने के लिए। |
| GSM सेटिंग | जीएसएम सेटिंग बदलने हेतु:<br>• लॉगिन और पासवर्ड,<br>• संपर्क स्थापित करने हेतु आवश्यक फोन नंबर आपके ऑपरेटर द्वारा प्रदान किया गया (आईएसडीएन या एनालॉग),<br>• निष्क्रियता समय, 30 सेकण्ड से अधिक कोई मान जिसके बाद फोन का संपर्क स्वतः समाप्त हो जाएगा (अगर कोई संपर्क पहले से चालू था)। |
| GPRS सेटिंग | जीपीआरएस सेटिंग बदलने हेतु:<br>• लॉग इन, पासवर्ड, निष्क्रियता समय<br>• एपीएन मीनू आपको उस बाहरी डाटा नेटवर्क का पता, संपर्क स्थापित करने हेतु एक पाठ्य स्ट्रिंग, प्रविष्ट करने में मदद करता है, जिससे आप जुड़ना चाहते हैं। |

### जीपीआरएस संपर्क

यह मीनू आपको अपने फोन का जीपीआरएस सेवा से जुड़ने का तरीका निर्धारित करने में मदद करता है।

| | |
|---|---|
| हमेशा चालू | आपका फोन स्वतः ही जीपीआरएस सेवा (यदि उपलब्ध हो) से जुड़ जाता है। यह विकल्प जीपीआरएस की विशेषताओं तक तीव्र एक्सेस प्रदान करता है, परन्तु ऊर्जा की खपत बढ़ा देता है। |
| डाटा कॉल के लिए | आपका फोन केवल आवश्यकता पड़ने पर ही जीपीआरएस सेवा से जुड़ेगा। यह विकल्प ऊर्जा की खपत कम करता है, परन्तु संपर्क में विलम्ब को बढ़ा देता है। |

## कॉल अग्रेषित करना

यह मीनू आपको कॉल अग्रेषण सक्रिय या निष्क्रिय करने में मदद करता है।

1. निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य मीनू में प्रवेश करने हेतु OK दबाएं।
2. *कॉल सूचना* > *कॉल आगे करना* चुनें और अग्रेषित करने हेतु तीन कॉल प्रकारों में से एक चुनने के लिए OK दबाएं: *वाणी कॉल*, *फैक्स कॉल*, और *डाटा कॉल*।
3. कॉल प्रकार चुनने के बाद, निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु OK दबाएं:

| | |
|---|---|
| *शर्त रहित* | आपकी सभी कॉलों का नियमित अग्रेषण। निष्क्रिय स्क्रीन पर ▲ चिह्न प्रदर्शित होता है। |
| *यदि उत्तर न हो* | केवल आपके द्वारा उत्तर न दिए जाने पर। |
| *यदि पहुंच से बाहर* | केवल आपके नेटवर्क सीमा से बाहर होने पर। |
| *यदि व्यस्त हो* | केवल आपकी लाइन व्यस्त होने पर। |
| *सशर्त* | आपकी लाइन व्यस्त होने पर, आपके द्वारा उत्तर न दिए जाने पर, आपके नेटवर्क सीमा से बाहर होने पर। |
| *अवस्था* | वास्तविक सेटिंग देखें। |

### बिना शर्त

यह विकल्प आपकी सभी इनकमिंग कॉलें एक निर्दिष्ट फोन नंबर पर अग्रेषित कर देगा। यह विकल्प सक्रिय करने पर, आप इसे निष्क्रिय करने तक अपने फोन पर कोई भी कॉल प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

### अनुत्तरित होने पर

अनुत्तरित होने पर इनकमिंग कॉल अग्रेषित कर दी जाएगी।

### पहुँच से बाहर होने पर

आपका नंबर सीमा से बाहर होने पर इनकमिंग कॉल अग्रेषित कर दी जाएगी।

### व्यस्त होने पर

आपकी लाइन व्यस्त होने पर इनकमिंग कॉल अग्रेषित कर दी जाएगी।

### सशर्त

यह विकल्प चुनने पर, आपकी लाइन व्यस्त होने पर, आपके नेटवर्क सीमा से बाहर होने पर, उत्तर न दिए जाने पर आपकी इनकमिंग कॉल अग्रेषित कर दी जाएगी।

### स्थिति

यह मीनू आपके समस्त कॉल अग्रेषण की स्थिति प्रदर्शित करता है।

## कॉल रोधन

यह मीनू आपके फोन से कॉल करना और कॉल प्राप्त करना प्रतिबंधित करने में मदद करता है। आपको यह विशेषता प्रयोग करने से पहले अपने सेवा प्रदाता द्वारा प्रदान किया गया पासवर्ड प्रविष्ट करना होगा।

1. निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य मीनू में प्रवेश करने हेतु OK दबाएं।
2. *कॉल सूचना* > *कॉल को छोड़कर* चुनें और रोधित करने हेतु कॉल प्रकार (*आने वाली* या *जाने वाली*), या कॉल रोधन को बदलने हेतु OK दबाएं।
3. कॉल प्रकार चुनने के बाद, विकल्प चुनने हेतु OK दबाएं।

### *आउटगोइंग कॉल रोधन*

*आने वाली* चुनें और निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु OK दबाएं:

| | |
|---|---|
| *सभी* | सभी आउटगोइंग कॉलों के लिए कॉल रोधन सक्रिय या निष्क्रिय करने हेतु *ऑन* या *ऑफ* चुनने के लिए OK दबाएं। सभी आउटगोइंग कॉलों के लिए कॉल रोधन स्थिति देखने हेतु *अवस्था* चुनें। |
| *अंतर्राष्ट्रीय* | सभी आउटगोइंग अंतर्राष्ट्रीय कॉलों के लिए कॉल रोधन सक्रिय या निष्क्रिय करने हेतु *ऑन* या *ऑफ* चुनने के लिए OK दबाएं। सभी अंतर्राष्ट्रीय कॉलों के लिए कॉल रोधन स्थिति देखने हेतु *अवस्था* चुनें। |
| *अंतर्राष्ट्रीय घर छोड़कर* | सभी आउटगोइंग अंतर्राष्ट्रीय कॉलों के लिए कॉल रोधन सक्रिय या निष्क्रिय करने हेतु सिवाय आपके सब्सक्रिप्शन वाले देश को छोड़ कर *ऑन* या *ऑफ* चुनने के लिए OK दबाएं। सभी अंतर्राष्ट्रीय कॉलों के लिए कॉल रोधन स्थिति देखने हेतु *अवस्था* चुनें। |

### *इनकमिंग कॉल रोधन*

*आने वाली* चुनें और निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु OK दबाएं:

| | |
|---|---|
| *सभी* | सभी इनकमिंग कॉलों के लिए कॉल रोधन सक्रिय या निष्क्रिय करने हेतु *ऑन* या *ऑफ* चुनने के लिए OK दबाएं। सभी इनकमिंग कॉलों के लिए कॉल रोधन स्थिति देखने हेतु *अवस्था* चुनें। |
| *जब रोमिंग में हों* | प्रयोक्ता द्वारा विदेश में रोमिंग सेवा में होने पर इनकमिंग कॉलों के लिए कॉल रोधन सक्रिय या निष्क्रिय करने हेतु *ऑन* या *ऑफ* चुनने के लिए OK दबाएं। ऐसी कॉलों के लिए कॉल रोधन स्थिति देखने हेतु *अवस्था* चुनें। |

### *सेटिंग प्रयोग करना*

*सेटिंग्स* चुनें और निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु OK दबाएं:

| | |
|---|---|
| *आउटगोइंग निरस्त करें* | सभी आउटगोइंग कॉलों के लिए कॉल रोधन रद्द करने हेतु OK दबाएं। |
| *इनकमिंग निरस्त करें* | सभी इनकमिंग कॉलों के लिए कॉल रोधन रद्द करने हेतु OK दबाएं। |
| *कोड को छोड़कर* | कॉल रोधन का पासवर्ड बदलने हेतु OK दबाएं। |

*आपको आने वाली या जाने वाली कॉलों के लिए कॉल रोधन रद्द करने के लिए एक रोधन कोड प्रविष्ट करना होगा।*

# 5. सन्देश

संदेश मीनू आपको एसएमएस संदेश पढ़ने, लिखने, भेजने और प्राप्त करने और उन्हें अन्य मोबाइल फोन्स के साथ साझा में आपकी मदद करता है। इसी प्रकार, आप पाठ्य, चित्रों, ध्वनियों, या अपने द्वारा रिकार्ड किए गए मेमो वाले, एमएमएस संदेश (मल्टीमीडिया संदेश) भी भेज और प्राप्त कर सकते हैं। एक मल्टीमीडिया संदेश में पाठ्य, ध्वनि, और आकृति सहित एक, या कई स्लाइड्स हो सकती हैं। दूसरे प्रकरण में, संदेश एक स्लाइड शो के रूप में प्रदर्शित किया जाता है।

## नया एमएमएस

आपका मोबाइल फोन एमएमएस (मल्टीमीडिया संदेश सेवा) संदेश भी प्रेषित और प्राप्त कर सकता है। एमएमएस द्वारा आप चित्रों, ध्वनियों और पाठ्य को शामिल करने वाले संदेश भेज सकते हैं।

एमएमएस संदेश भेजते समय, आपका संदेश देखने के लिए आपके प्राप्तकर्ता के पास एक एमएमएस-समर्थित फोन होना चाहिए।

### *एमएमएस प्राप्त करना*

किसी व्यक्ति द्वारा आपको एमएमएस भेजे जाने पर, एक चिह्न और एक ध्वनि सतर्क सूचित करेगा। संदेश प्रेषक द्वारा एक *पढ़ा रिपोर्ट* मांगे जाने पर, एक प्रॉम्प्ट आपसे वह भेजने या न भेजने हेतु पूछेगा। एमएमएस डाउनलोड होने पर, वह *इनबॉक्स* > *एम एम एस* (नीचे देखें) में उपलब्ध होगा।

*डाउनलोड करने हेतु एम एम एस का आकार आपके फोन में उपलब्ध मेमोरी से अधिक होने पर, आपको डाटा (चित्र, ध्वनियाँ, आदि) मिटाकर मेमोरी मुक्त करनी होगी।*

### *नया एमएमएस*

एमएमएस लिखने और भेजने के लिए, नीचे दिए गए क्रमों का पालन करें:

1. निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य मीनू में प्रवेश करने हेतु OK दबाएं।
2. *संदेश* > *नया एम एम एस* चुनें और नया एमएमएस बनाने हेतु OK दबाएं।
3. आप *फोन नंबर डालें*, *पता डालें*, या *संपर्क सूची से* चुन सकते हैं।
4. फिर आप *<एम एम एस बनाएं >* पर जा सकते हैं। OK दबाएं। आपको एमएमएस रचना स्क्रीन प्राप्त होती है।
5. एमएमएस रचना स्क्रीन में, पाँच चित्र आपको एक *चित्र* जोड़ने, *पाठ्य* जोड़ने, *ध्वनि* जोड़ने, संदेश *भेजें* या *MMS विकल्प* एक्सेस करने में मदद करते हैं। एक विकल्प से दूसरे में जाने के लिए ▲ या ▼ प्रयोग करें और मीनू एक्सेस करने हेतु OK दबाएं।
6. अपना संदेश तैयार करें : *चित्र*, *पाठ्य* और/अथवा कोई *ध्वनि* जोड़ें। अधिक स्लाइड बनाने हेतु ▶ दबाएं।
7. बाईं ओर अंतिम चिह्न से आप *MMS विकल्प* (नीचे देखें) एक्सेस कर सकते हैं।
8. चुनिंदा प्राप्तकर्ता(ओं) को एमएमएस भेजने हेतु *भेजें* चुनें।

*चित्र संग्रह* से चित्र चुने जाते हैं। कॉपीराइट संरक्षित चित्र एमएमएस द्वारा नहीं भेजे जा सकते।

*ध्वनि संग्रह* की धुनों से ध्वनियाँ चुनी जा सकती हैं।

**एमएमएस विकल्प**
नए एमएमएस बनाते हुए निम्न विकल्प उपलब्ध होते हैं:

| | |
|---|---|
| *विषय संपादन* | आपके संदेश का विषय संपादित और बदलने या प्रविष्ट करने हेतु। |
| *टैम्प्लेट की तरह रक्षित करें* | आपके संदेश को एक ऐसे टेम्प्लेट के रूप में रक्षित करने हेतु, जिसे आप अन्य एमएमएस के आधार के तौर पर प्रयोग कर सकते हैं (जैसे "जन्मदिन मुबारक" प्रकार के संदेश)। |
| *स्लाइड अवधि* | *सेटिंग्स* > *एप्लीकेशन सेटिंग्स* (पेज 23 देखें) में सेट स्लाइड की अवधि को बदलने, और हर स्लाइड के बीच एक विलम्ब सेट करने हेतु। |

अपना संदेश पूर्ण होने पर, *अभी भेजें* चुनें और OK दबाएं। एक प्रगति बार आपका ध्यान संदेश प्रेषण की ओर ले जाता है, यदि आप प्रेषण रद्द करना चाहें तो c दबाएं। यदि आपने एमएमएस को एक ड्राफ्ट के रूप में रक्षित किया हो, तो वह *ड्राफ्ट्स* मीनू में उपलब्ध होगा। यदि आप एमएमएस भेज चुके हैं, तो वह *आउटबॉक्स* में उपलब्ध होगा।

## नया एसएमएस

यह मीनू आपको लघु संदेश सेवा (एसएमएस) द्वारा पाठ्य संदेश भेजने और अपने द्वारा प्राप्त और प्रेषित संदेश प्रबंधित करने में मदद करता है।
एसएमएस लिखने एवं भेजने के लिए, नीचे दिए क्रमों का पालन करें:

1. निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य मीनू में प्रवेश करने हेतु OK दबाएं।
2. *संदेश* > *नया एसएमएस* चुनें और नया एसएमएस बनाने हेतु OK दबाएं।
3. पाठ्य संदेश का पाठ्य प्रविष्ट करें और OK दबाएं। फिर आपको निम्न विकल्प प्रस्तुत किए जाते हैं:

| | |
|---|---|
| *अनेक प्राप्तकर्ता* | *<संपर्क जोड़ें>* या *अभी भेजें* को। |
| *एस एम एस भेजें* | *<नया>* प्राप्तकर्ता जोड़ने या *पता पुस्तिका* से कोई प्रविष्टि चुनने हेतु। |
| *रक्षित करें* | वर्तमान संदेश और उसके संलग्नकों को पुरालेख मीनू में रक्षित करने हेतु। |
| *चित्र जोड़ें* | आकृति या चित्र संलग्न करने हेतु। |
| *ध्वनि जोड़ें* | धुन संलग्न करने हेतु। |

आप अपने एसएमएस के साथ एक साथ दो भिन्न प्रकार के संलग्नक भेज सकते हैं। आकृति और चित्र विशेष हैं : यदि आप पहले एक एनिमेशन, फिर एक चित्र चुनते हैं, तो केवल चित्र लिया जाएगा और इसके विपरीत।

*कॉपीराइट द्वारा संरक्षित चित्र एवं ध्वनियाँ एस एम एस द्वारा नहीं भेजी जा सकतीं।*

## इनबॉक्स

यह मीनू आपको अपने द्वारा प्राप्त किए गए एसएमएस और एमएमएस संदेश पढ़ने में मदद करता है।

### *एसएमएस इनबॉक्स*

यह मीनू आपको प्राप्त एसएमएस संदेश पढ़ने में मदद करता है। संदेश एक सूची में प्रदर्शित किए जाते हैं।

कोई संदेश प्रदर्शित होने पर, नीचे दिए गए मीनू विकल्पों को एक्सेस करने के लिए OK दबाएं।

| | |
|---|---|
| *उत्तर दें* | प्रेषक को उत्तर देने हेतु। |
| *आगे* | चुनिंदा संदेश अग्रेषित करने हेतु। ध्यान दें कि संलग्नक अग्रेषित नहीं किए जा सकते। |
| *मिटाएं* | चुनिंदा संदेश मिटाने हेतु। |
| *वापस कॉल* | संदेश प्रेषक को कॉल करें (ऑपरेटर पर निर्भर)। |
| *फोन तक ले जाएं* | एसएमएस को अभिलेख मीनू में स्थानांतरित करें। |
| *पुनः सेट* | इनबॉक्स को खाली स्थिति में पुनः सेट करने हेतु। |

### *एमएमएस इनबॉक्स*

आपका एमएमएस इनबॉक्स सभी *पढ़ा* और *अनपढ़ा एम एम एस, सूचना, सुपुर्दगी* और *पढ़ा रिपोर्ट* की सूची प्रदर्शित करता है। कोई संदेश पढ़ने के लिए, उसे चुनें और OK दबाएं। निम्न मीनू विकल्पों को एक्सेस करने के लिए *विकल्प* दबाएं:

| | |
|---|---|
| *चलाएं* | स्वचालित मोड में वापस जाने हेतु: फिर एमएमएस एक निरंतर स्लाइड शो के रूप में चलता है। |
| *अगला / पिछला स्लाइड* | अगली या पिछली स्लाइड पर जाने हेतु। आप हस्तचालित मोड में एमएमएस देखते हुए ◂ या ▸ भी दबा सकते हैं। ध्यान दें कि यह विकल्प केवल एमएमएस में एक से अधिक स्लाइड होने पर प्रदर्शित होता है। |
| *चित्र रक्षित करें* | मौजूदा स्लाइड के चित्र को हटाने और उसे *चित्र संग्रह* में रक्षित करने हेतु। |
| *ध्वनि रक्षित करें* | मौजूदा स्लाइड की ध्वनि को हटाने और उसे *ध्वनि संग्रह* में रक्षित करने हेतु। |
| *बंद करें* | एमएमएस को बंद करने और विकल्पों की सूची में वापस जाने हेतु। |

*एम एम एस प्राप्त करने से पहले सूचनाएं न मिटाएं, नहीं तो आप एम एम एस प्राप्त नहीं कर सकेंगे। आपको संपूर्ण एम एम एस प्राप्त होने पर सूचनाएं स्वतः ही मिट जाती हैं।*

## आउटबॉक्स

आपके द्वारा *प्रेषित* या बनाए गए परन्तु अब तक *अप्रेषित* संदेशों को सूचीबद्ध करता है। आप इन सभी संदेशों को *चलाएं*, *मिटाएं* या *वृत्तांत* देखें, किसी को *भेजें* या *आगे* कर सकते हैं। न *प्रेषित* संदेश आउटबॉक्स में ड्राफ्ट के रूप में रक्षित किए जाते हैं। आपके द्वारा अपना एमएमएस रक्षित करने या भेजने से पहले एमएमएस मीनू से बाहर आने पर, वह स्वतः ही ड्राफ्ट के रूप में रक्षित कर लिया जाएगा।

*आपके द्वारा रक्षित किए गए संदेश केवल आउटबॉक्स फोल्डरों से ही भेजे जा सकते हैं। आप अपने द्वारा मिटाई गई किसी भी वस्तु (चाहे संदेश, सूचना या रिपोर्ट) को पुनः प्राप्त नहीं कर सकते। मिटाना रद्द करने के लिए वापस दबाएं।*

## एसएमएस गपशप

*ऑन* होने पर, आपको निष्क्रिय अवस्था में प्राप्त एसएमएस देखने में आपकी मदद करता है। फिर आप शीघ्रता से OK दबाकर, संपादन स्क्रीन में अपना संदेश प्रविष्ट कर, और पुनः OK दबाकर, प्राप्त किए गए किसी संदेश का उत्तर दे सकते हैं।

यदि आप एक एसएमएस पढ़ते हुए दूसरा प्राप्त करते हैं, तो आप दूसरे को पढ़े बिना पहले का उत्तर दे सकते हैं। वैकल्पिक तौर पर, आप पहले संदेश से बाहर आने के लिए *वापस* दबा सकते हैं। फिर दूसरा संदेश आपकी स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है।

## अभिलेख

यह मीनू आपको *स्वतः रक्षित एस एम एस* या *पुरालेख में भेजें* विकल्प द्वारा फोन की मेमोरी में रक्षित सभी संदेश देखने में मदद करता है। *<सभी एस एम एस मिटाएं >* आइटम आपको एक साथ सभी एसएमएस मिटाने में सहायता करती है। कोई संदेश प्रदर्शित होने पर, OK या निम्न विकल्प एक्सेस करने हेतु *विकल्प* दबाएं: *मिटाएं*, *एस एम एस संपादित*, *आगे*, *वापस कॉल*।

# सेटिंग्स

## *एसएमएस सेटिंग्स*

यह मीनू आपको एसएमएस सेटिंग संरूपित करने में सहयता करता है। विकल्प हैं:

*सुपुर्दगी रिपोर्ट*

*ऑन* होने पर, यह विकल्प आपको एसएमएस द्वारा सूचित करता है कि आपका अपना एसएमएस प्राप्त किया गया था या नहीं।
**यह लक्षण सेवा पर निर्भर करता है।**

*वैधता अवधि*

एसएमएस केन्द्र में अपने संदेशों को रक्षित करने की समय सीमा निर्धारित करें। ऐसा प्राप्तकर्ता के नेटवर्क से सम्पर्क में न होने पर लाभदायक होता है (और इसलिए तुरन्त आपका संदेश प्राप्त नहीं कर सकता)।
**यह लक्षण सेवा पर निर्भर करता है।**

*हस्ताक्षर*

*ऑन* होने पर, आपको अपने संदेश के अंत में हस्ताक्षर जोड़ने में मदद करता है। आप हस्ताक्षर को *संपादन*, *बदलें* या *रक्षित करें* कर सकते हैं।

*जवाब देने का मार्ग*

*ऑन* होने पर, यह विकल्प आपको संदेश के साथ अपने एसएमएस संदेश केन्द्र का नंबर प्रेषित करने में मदद करता है। फिर प्राप्तकर्ता आपके अपने एसएमएस केन्द्र द्वारा उत्तर देता है और अपने नहीं। इससे प्रसारण की गति बढ़ जाती है।
**यह लक्षण सेवा पर निर्भर करता है।**

*एस एम एस केन्द* — अपना प्राथमिक एसएमएस केन्द्र चुनें। **यदि आपके सिम कार्ड पर उपलब्ध न हो, तो आपको अपने एसएमएस केन्द्र का नंबर प्रविष्ट करना होगा।**

*स्वतः रक्षित एसएमएस* — *ऑन* होने पर, यह विकल्प प्रेषित संदेशों को स्वतः *आउटबॉक्स* मीनू में रक्षित करता है।

## *एमएमएस सेटिंग*

*संभवतः आपका फोन प्रस्तुत सेवाएं सीधे एक्सेस करने हेतु पूर्व-संरूपित किया गया है। यदि नहीं, तो वर्तमान भाग में वर्णित सूचना आइटम प्राप्त करने के लिए अपने ऑपरेटर से संपर्क करें और दिए गए क्रम में उन्हें प्रविष्ट करें। कुछ ऑपरेटरों के साथ, एक्सेस पैरामीटर स्वचालित रूप से सेट किए जा सकते हैं।*

सूची में एमएमएस प्रोफाइल चुनें और नीचे वर्णित सेटिंग्स को एक्सेस करने के लिए *बदलें* चुनें।

### अनुप्रयोग सेटिंग्स

*प्राप्ति मोड* — आपको निम्न में से चुनने में मदद करता है:

- *मैन्युअल:* आप *इनबॉक्स* में एक सूचना चुनकर, डाउनलोड करने के लिए *पढ़ा* चुनकर, फिर *चलाएं* चुनकर हस्तचालित विधि द्वारा सर्वर से संपर्क करते हैं।
- *स्वत:* नए एमएमएस सीधे *इनबॉक्स* में रक्षित किए जाते हैं। एमएमएस चुनें और उसे चलाने के लिए > दबाएं।

*रोमिंग के दौरान यह लक्षण निष्क्रिय हो जाता है।*

*वैधता अवधि* — एमएमएस केन्द्र में अपने संदेशों को रक्षित करने की समय सीमा, *1 घंटा* से *1 सप्ताह* (अधिकतम) तक, निर्धारित करने हेतु। ऐसा प्राप्तकर्ता के नेटवर्क से सम्पर्क में न होने पर लाभदायक होता है (और इसलिए तुरन्त आपका संदेश प्राप्त नहीं कर सकता)।

*पढ़ा रिपोर्ट* — इस विकल्प को *ऑन* या *ऑफ* सेट किया जा सकता है और आपके द्वारा भेजे गए एमएमएस की स्थिति बदलने, यानि उसे पढ़ा गया या मिटाया दिया गया, पर आपको (एक एसएमएस द्वारा) सूचित करता है।

*सुपुर्दगी रिपोर्ट* — इस विकल्प को *ऑन* या *ऑफ* सेट किया जा सकता है और सुपुर्दगी की स्थिति, यानि आपका एमएमएस प्राप्त किया गया या अस्वीकार कर दिया गया, के विषय में आपको (एक एसएमएस द्वारा) सूचित करता है।

*स्वतः रक्षित* — इस विकल्प को *ऑन* या *ऑफ* सेट किया जा सकता है और आपको भेजे गए संदेश *आउटबॉक्स* मीनू में स्वतः रक्षित में मदद करता है।

*स्लाईड अवधि* — आपको एमएमएस की प्रत्येक स्लाइड के बीच समय की अवधि चुनने में मदद करता है।

**नेटवर्क सेटिंग्स**

| | |
|---|---|
| *नेटवर्क तक पहुंच* | अपने द्वारा सेट किए गए संपर्क प्रोफाइलों में से एक चुनने के लिए। |
| *बीयरर* | संपर्क चालू करने पर प्रयोग होने वाला नेटवर्क प्रकार चुनने हेतु: *जी एस एम*, *जी पी आर एस* या *जी पी आर एस पहले*। |
| *MMS केन्द्र* | जिस सर्वर से आप संपर्क करेंगे उसका एसएमएस पता प्रविष्ट करने हेतु। |
| *गेटवे तक पहुंच* *गेटवे पोर्ट* | सर्वर के गेटवे का आईपी और पोर्ट नंबर प्रविष्ट करने हेतु। |

## प्रसारण एसएमएस

यह मीनू आपको नेटवर्क के सभी सदस्यों को नियमित रूप से प्रसारित किए जाने वाले एसएमएस प्रसारणों की प्राप्ति के प्रबंधन में मदद करता है। यह आपको निम्न विकल्पों तक एक्सेस प्रदान करता है:

### *प्राप्ति*

सेल प्रसारण सन्देशों की प्राप्ति को *ऑन* या *ऑफ* सेट करने हेतु।

### *विषय*

प्राप्त किए जाने वाले अपने इच्छित संदेशों के प्रकार निर्धारित करने हेतु। विषय कॉन्फिगर करने के लिए, *<नया>* चुनें, ऑपरेटर द्वारा प्रदान किया गया कोड प्रविष्ट करें, और, यदि चाहें, तो एक नाम जोड़ें। आप सूची में कोई मौजूदा विषय भी चुन सकते हैं, जिसे आप पुनर्नामित कर सकते हैं या मिटा सकते हैं।

***आप सूची में 15 विभिन्न विषयों तक प्रविष्ट कर सकते हैं। विभिन्न विषयों के संबद्ध कोड प्राप्त करने हेतु, अपने ऑपरेटर से संपर्क करें।***

## टेम्प्लेट

इसमें सिस्टम द्वारा प्रदान किए गए *एम एम एस* और *एस एम एस* संदेशों की सूची शामिल होती है।

# 6. सेटिंग



यह मीनू आपको प्रत्येक उपलब्ध विकल्प (ध्वनियाँ, समय एवं तिथि, सुरक्षा, आदि) से संबंधित सेटिंग बदलने और अपने फोन को अनुकूल बनाने में मदद करता है।

## ध्वनियाँ

यह मीनू आपको फोन की ध्वनि सेटिंग संरूपित करने में मदद करता है।

### *संकेतक ध्वनि*

आपको एक संकेतक ध्वनि चुनने में सहायता करता है। सूची में आपके द्वारा रिकार्ड की गईं ध्वनियाँ और धुनें भी शामिल होती हैं। सूची में स्क्रॉल करें और चुनिंदा धुन को चलाकर सुनने हेतु प्रतीक्षा करें।

### *संकेतक ध्वनि प्रबलता*

यह विकल्प आपको अपने रिंगर की ध्वनि को नियोजित करने में मदद करता है। अपने रिंगर की ध्वनि को *मौन* से *बढ़ती* के बीच नियोजित करने हेतु ▲ या ▼ दबाएं।

### *कंपन सतर्क*

आपको कॉल प्राप्त करते हुए, संगठक में सेट किसी इवेंट के नियत होने पर, आपको संदेश प्राप्त होने पर और अलार्म बजने पर, कंपन सतर्क को *ऑन* या *ऑफ* पर सेट करने में सहायता करता है।

आपके द्वारा चार्जर या सिगरेट लाइटर एडाप्टर लगाने पर कंपन सतर्क हमेशा *ऑफ* रहता है।

### *संदेश संकेतक ध्वनि*

हर बार एक नया संदेश प्राप्त होने पर आपको एक सतर्क को *ऑन* या *ऑफ* पर सेट करने में मदद करता है। *ऑन* होने पर, आप ध्वनियों की सूची से अपना पसंदीदा सतर्क चुन सकते हैं।

### *कुन्जी ध्वनियाँ*

आपको कुन्जीध्वनियों को *ऑन* या *ऑफ* पर सेट करने में मदद करता है।

### *बैटरी सतर्क*

आपको बैटरी कम होने पर एक सतर्क ध्वनि को *ऑन* या *ऑफ* पर सेट करने में मदद करता है।

## प्रदर्शन

यह मीनू आपको प्रदर्शन पर मीनू प्रदर्शित होने की विधि निर्धारित करने में मदद करता है।

निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य मीनू में प्रवेश करने हेतु OK दबाएं।

### *वॉलपेपर*

आपको मुख्य स्क्रीन के वॉलपेपर को *ऑन* या *ऑफ* पर सेट करने में मदद करता है।

### *बैकलाइट*

इनकमिंग कॉलें या संदेश प्राप्त, मीनू ब्राउज़ आदि करते समय बैकलाइट सक्रिय हो जाती है। उपलब्ध विकल्पों में से एक चुनें। बैकलाइट प्रबंधन आपके मीनू में होने पर प्रभावी होता है और निष्क्रिय में होने पर नहीं (12 सेकेंड तक रहता है)।

## अन्य सेटिंग

यह मीनू आपको अपना फोन संरूपित करने और उत्तर मोड, समय, भाषा, आदि सेट करने की अनुमति देता है।

1. निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य मीनू में प्रवेश करने हेतु OK दबाएं।
2. *सेटिंग्स* > *अन्य सेटिंग्स* चुनें।

*अन्य सेटिंग्स* मीनू में, आप निम्न में से एक चुन सकते हैं: *उत्तर मोड*, *समय सेट करें*, *तिथि सेट करें*, *भाषा*, और *कुन्जीपटल लॉक*।

### *उत्तर मोड*

आपको यह सेट करने में मदद करता है कि किसी इनकमिंग कॉल का उत्तर देने हेतु *कुंजी भेजें* या *कोई भी कुंजी* का प्रयोग किया जाना चाहिए।

### *समय सेट करना*

आपको कुन्जीपटल या नेवीगेशन कुन्जियों द्वारा समय सेट करने में मदद करता है।

### *तिथि सेट करना*

आपको उपयुक्त संख्यात्मक कुन्जियाँ या नेवीगेशन कुन्जियाँ दबाकर तिथि सेट करने में मदद करता है।

### *भाषा*

यह विशेषता आपको वह भाषा चुनने में सहायता करता है जिसमें संदेश प्रदर्शित किए जाएंगे।

### *कुन्जीपटल लॉक*

अपने कुन्जीपटल को चालू या बंद पर सेट करना।

*सभी मामलों में, आपको कॉल प्राप्त होने पर कुन्जीपटल स्वतः ही मुक्त हो जाता है।*

## हॉटकुन्जियाँ

आपको किसी विशिष्ट क्रिया या किसी कुन्जी से जुड़े संपर्क हेतु सीधा एक्सेस निर्धारित करने आपकी में मदद करता है। फिर निष्क्रिय अवस्था में कुन्जी को देर तक दबाने से क्रिया स्वतः सक्रिय हो जाएगी या संबंधित नंबर पर कॉल करेगी (*चमक डायल*)।

कई हॉटकुन्जियाँ पूर्व-निर्धारित होती हैं, परन्तु आप उन्हें (केवल 2 से 9 कुन्जियों तक) पुनः प्रोग्राम कर सकते हैं। निम्न कुन्जियाँ लॉक की गईं हैं:

| | |
|---|---|
| 1 | ध्वनि मेलबॉक्स को कॉल करने हेतु। |
| * | अंतर्राष्ट्रीय कॉल डायल करने हेतु। |
| # | कुन्जीपटल लॉक/मुक्त करने हेतु। |

*आपके सेवा प्रदाता के अनुसार, अन्य हॉटकुन्जियाँ पूर्व-निर्धारित एवं लॉक की जा सकती हैं।*

1. सूची में, 2 से 9 में से कोई कुन्जी चुनें, और OK दबाएं। कुन्जी पहले से प्रोग्राम किए जाने पर, *बदलें* चुनें।
2. वह क्रिया चुनने हेतु सूची ब्राउज़ करें जिसे आप इस कुन्जी के साथ जोड़ना चाहते हैं और OK दबाएं।
3. कोई हॉटकुन्जी प्रयोग करने हेतु, निष्क्रिय अवस्था में प्रोग्राम की गई कुन्जी को दबाएं और दबाकर रखें।

# सुरक्षा

यह मीनू आपको अपने मोबाइल फोन और आपके द्वारा उसमें रक्षित किए गए डाटा की सुरक्षा से संबंधित विशेषताओं तक एक्सेस प्रदान करता है।

### पिन सुरक्षा

यह आपको पिन सुरक्षा को *ऑन* या *ऑफ* पर सेट करने में मदद करता है। *ऑन* होने पर, अपना फोन चालू करते समय आपसे अपना पिन कोड प्रविष्ट करने हेतु कहा जाएगा।

*यह विकल्प बंद होने पर आप अपना पिन कोड नहीं बदल सकते।*

### पिन 2 बदलना

आपको अपने *पिन 2* कोड एवं अवरोधन कोड को बदलने में मदद करता है। आपके सिम कार्ड पर निर्भर करते हुए, कुछ विशेषताओं या विकल्पों हेतु आपके ऑपरेटर द्वारा प्रदान किए गए पिन2 गुप्त कोड की आवश्यकता हो सकती है।

*यदि आप 3 बार गलत पिन2 कोड प्रविष्ट करते हैं, तो आपका सिम कार्ड अवरुद्ध हो जाएगा। उसे मुक्त करने हेतु, अपने ऑपरेटर या विक्रेता से पुक2 कोड हेतु निवेदन करें। यदि आप लगातार 10 बार गलत पुक कोड प्रविष्ट करते हैं, तो सिम कार्ड अवरुद्ध और अप्रयोग्य हो जाएगा। ऐसा होने पर, अपने ऑपरेटर या विक्रेता से संपर्क करें।*

### कॉल प्रतिबंध

*केवल सार्वजनिक* चुने जाने पर आपको सार्वजनिक नामों की सूची पर कॉलें प्रतिबंधित करने में सहायता करता है। आप *प्रतिबंधित नहीं* चयन द्वारा प्रतिबंध को निष्क्रिय कर सकते हैं।

*यह विशेषता सेवा पर निर्भर है और इसके लिए पिन2 कोड आवश्यक है। यह विकल्प संभवतः वैप और जीपीआरएस पर ई-मेल संपर्कों पर भी लागू हो सकता है।*

### सार्वजनिक नाम

आपको *सार्वजनिक नाम* सूची नामक नामों की एक विशिष्ट सूची को प्रबंधित करने, और *प्रतिबंधित कॉल* द्वारा इस सूची पर कॉलें प्रतिबंधित करने की अनुमति देती है।

*यह विशेषता सेवा पर निर्भर है और इसके लिए पिन2 कोड आवश्यक है।*

| | |
|---|---|
| *सार्वजनिक नाम* | आपको पिन2 कोड द्वारा अपनी *सार्वजनिक नाम* सूची देखने, संपादित और परिवर्तित करने में मदद करता है। |
| *प्रतिबंधित कॉल* | *केवल सार्वजनिक* चुने जाने पर आपको सार्वजनिक नामों की सूची पर कॉलें प्रतिबंधित करने में मदद करता है। |

# 7. मल्टीमीडिया

## चित्र एल्बम

यह मीनू आपको अपने मोबाइल फोन में रक्षित आकृतियाँ प्रबंधित और प्रदर्शित करने में मदद करता है।

1. निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य मीनू में प्रवेश करने हेतु OK दबाएं।
2. *मल्टीमीडिया* > *चित्र संग्रह* चुनें और एक चित्र आकृति देखने हेतु OK दबाएं।
3. सूची में पिछली या अगली आकृति ▲ / ▼ कुन्जियों का प्रयोग करें।

### *प्रत्येक चित्र फाइल प्रयोग करना*

सूचीबद्ध होने पर, आप एक चित्र फाइल चुन सकते हैं और नीचे दिए गए मीनू विकल्पों को एक्सेस करने हेतु दबाएं।

| | |
|---|---|
| *एम एम एस* | एमएमएस संदेश में चुनिंदा चित्र भेजने हेतु। |
| *वॉलपेपर की तरह सेट करें* | चुनिंदा चित्र को वॉलपेपर के रूप में सेट करने हेतु। |
| *पुनर्नामांकन* | चुनिंदा चित्र का *पुनर्नामांकन* करने हेतु। |
| *मिटाएं* | चुनिंदा चित्र को *मिटाएं*। |
| *सभी को मिटाएं* | एक साथ चित्र फाइलें *सभी को मिटाएं* (सुरक्षित चित्रों के लिए वैध नहीं)। |

पूर्ण स्क्रीन मोड में आकृतियाँ ब्राउज़ करते हुए, आप ▶ दबाकर मीनू विकल्प में जा सकते हैं।

## ध्वनि एल्बम

यह मीनू आपको अपने मोबाइल फोन में रक्षित ध्वनि फाइलें प्रबंधित करने और सुनने की अनुमति देता है।

1. निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य मीनू में प्रवेश करने हेतु OK दबाएं।
2. *मल्टीमीडिया* > *ध्वनि संग्रह* चुनें और अधिक ध्वनि फाइलें प्राप्त करने और मौजूदा ध्वनि फाइलों में से एक सुनने हेतु OK दबाएं।

### *प्रत्येक ध्वनि फाइल प्रयोग करना*

सूची में प्रवेश करने पर, आप एक ध्वनि फाइल चुन सकते हैं और नीचे दिए गए मीनू विकल्प एक्सेस करने हेतु OK दबाएं।


| | |
|---|---|
| *रिंगटोन की तरह* | चुनिंदा ध्वनि फाइल को संकेत ध्वनि के रूप में सेट करने हेतु। |
| *SMS/MMS रिंगर की तरह* | चुनिंदा ध्वनि को *संदेश रिंगर* के रूप में सेट करने हेतु। यह विकल्प *सेटिंग्स* > *ध्वनि* मीनू में सक्रिय किया जाना चाहिए। |
| *एम एम एस* | एमएमएस संदेश में चुनिंदा ध्वनि फाइल भेजने हेतु। |
| *पुनर्नामांकन* | चुनिंदा ध्वनि फाइल को *पुनर्नामांकन*। |
| *मिटाएं* | चुनिंदा ध्वनि फाइल *मिटाएं*। |
| *सभी को मिटाएं* | एक साथ ध्वनि फाइलें *सभी को मिटाएं* (सुरक्षित ध्वनियों के लिए वैध नहीं)। |

# मेमोरी स्थिति

यह मीनू आपको अपने फोन में उपलब्ध मेमोरी का प्रतिशत प्रदर्शित करने में मदद करता है। विभिन्न विशेषताएं मेमोरी की क्षमता को साझा करती हैं: चित्र, ध्वनियाँ, रिकार्ड किए गए मेमो और ध्वनि कमांड हेतु ध्वनि टैग, रक्षित किए गए संदेश, फोनबुक और संगठक प्रविष्टियाँ, खेल, आदि।

1. निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य मीनू में प्रवेश करने हेतु OK दबाएं।
2. *मल्टीमीडिया* > *मैमोरी अवस्था* चुनें और मेमोरी की स्थिति देखने हेतु OK दबाएं। प्रदर्शन आपको खाली मेमोरी का प्रतिशत, प्रयुक्त मेमोरी का प्रतिशत, और किलोबाइट्स (के.बी.) में कुल मेमोरी दिखाता है।
3. निम्न छः विशेषताओं में से प्रत्येक द्वारा प्रयुक्त मेमोरी का वास्तविक प्रतिशत देखने हेतु पुनः OK दबाएं: *चित्र संग्रह*, *ध्वनि संग्रह*, *एस एम एस*, *एम एम एस*, *फोन में*, *Java*, और *विविध*।
4. ऊपर दी गई विशेषताओं में से एक पर पुनः OK दबाएं। वह विशेषता प्रयुक्त मेमोरी (के.बी. में), प्रदर्शित करेगी, प्रयुक्त मेमोरी का प्रतिशत, और मेमोरी प्रयोग करने वाली फाइलों की संख्या प्रदर्शित करेगी।

# 8. ऑपरेटर सेवाएं



## वैप

यह मीनू आपको अपने नेटवर्क के साथ प्रदान की गईं सेवाओं, जैसे समाचार, खेल, मौसम, आदि को एक्सेस करने में मदद करता है।

*आपका फोन पूर्व-नियोजित होने पर, आपके लिए इस भाग में दी गई सेटिंग को बदलना आवश्यक नहीं है। कुछ ऑपरेटरों के साथ, सेटिंग को दूर से सेट किया जा सकता है।*

एक वैप सत्र आरंभ करने हेतु, *ऑपरेटर* > *वैप* > *होमपेज* चुनें।

| | |
|---|---|
| ▲ या ▼ प्रयोग करें | ऑन-लाइन पृष्ठ ब्राउज़ करने हेतु। |
| OK दबाएं | हाईलाइट की गई कोई आइटम चुनने हेतु। |
| c *वापस* दबाएं | पिछले पृष्ठ पर वापिस जाने हेतु। |
| दबाएं या *विकल्प* > *निकासी* चुनें | वैप सत्र समाप्त करने हेतु। |

आपका मोबाइल फोन आपके द्वारा *सेटिंग्स* > *नेटवर्क* (पृष्ठ 25 देखें) मीनू में निर्धारित *सेटिंग अभिगम* के अनुसार नेटवर्क से जुड़ता है। संपर्क त्रुटि होने की स्थिति में, स्क्रीन पर "मीनू पर जाएं" प्रदर्शित होता है: वैप विकल्प (पृष्ठ 32 देखें) एक्सेस करने हेतु *विकल्प* दबाएं।

### *मुख्यपृष्ठ*

यह आपके द्वारा एक वैप सत्र आरंभ करते समय एक्सेस की जाने वाली पहली वैप साइट की कड़ी है। अधिकांश मामलों में, यह मीनू आइटम पूर्वनियोजित होती है और आपके ऑपरेटर के वैप मुख्यपृष्ठ से जुड़ेगी। इस प्राथमिक मुख्यपृष्ठ को बदलने हेतु पृष्ठ 32 पर "विकल्प" देखें।

### *पृष्ठचिह्न*

यह मीनू आपको अपने पसंदीदा वैप साइट पते रक्षित करने, उन्हें पुनर्नामित करने और शीघ्रता से उन्हें सूची से एक्सेस करने में मदद करता है।

ब्राउज़ करते समय *विकल्प* दबाएं, फिर *पृष्ठित स्मृति* चुनें: नाम और यूआरएल क्षेत्र स्वत: ही आपके द्वारा ब्राउज़ किए जा रहे पृष्ठ की जानकारी से भर जाएंगे।

*पृष्ठित स्मृति जोड़ें* चुनें और प्रदर्शित होने के लिए संपादन स्क्रीन का नया नाम प्रविष्ट करना शुरू करें। OK दबाएं, फिर उसी प्रकार यूआरएल पता प्रविष्ट करने हेतु आगे बढ़ें।

*बुकमार्क प्रबंध* मीनू आपको चुनिंदा पृष्ठचिह्न को *मिटाएं* या *संपादन* में सहायता करता है।

### *यूआरएल पर जाएं*

यह मीनू आपको एक वैप साइट पता प्रविष्ट करने और उसे चुनने पर सीधे संपर्क करने (वैप पतों को पृष्ठचिह्न के रूप में रक्षित किए बिना उन्हें एक्सेस करने का एक तीव्र तरीका) में मदद करता है।

आपके द्वारा इस मीनू में प्रविष्ट किए गए और कम से कम एक बार संपर्क किए गए सभी पते, एक सूची में प्रदर्शित होंगे। कोई एक आइटम चुनें और संबंधित पृष्ठ का संपूर्ण पता पुनः प्रविष्ट किए बिना, उससे पुनः संपर्क करने हेतु OK दबाएं।

### *सेटिंग*

वैप साइट एक्सेस करने के लिए, आपको पहले एक वैप संपर्क प्रोफाइल नियोजित करना होगा।

**प्रोफाइल चुनना**

उपलब्ध प्रोफाइलों में से एक चुनने, फिर उनमें से प्रत्येक के लिए संपर्क सेटिंग निर्धारित करने हेतु।

*नीचे वर्णित सभी संपर्क सेटिंग चुनिंदा प्रोफ़ाइल पर लागू होती हैं।*

**ब्राउज़र विकल्प**

वैप पृष्ठों के साथ संलग्न आकृतियों का डाउनलोड होना सक्रिय या निष्क्रिय करने हेतु।

*ऑफ चुनना ब्राउज़ किए गए पृष्ठों के व्यापक डाउनलोड को बढ़ा देगा।*

**प्रोफाइल पुनर्नामित करना**

वर्तमान चुनिंदा प्रोफाइल को पुनर्नामित करने हेतु (प्रदर्शित होने के लिए संपादन स्क्रीन का नया नाम प्रविष्ट करना शुरू करें)।

**कैशे**

फोन की मेमोरी का वह भाग खाली करने हेतु जहाँ किसी वैप सत्र के दौरान ब्राउज़ किए गए पृष्ठ रक्षित किए जाते हैं।

**नेटवर्क**

- *होमपेज* : मुख्यपृष्ठ का नाम और पता बदलने हेतु (प्रदर्शित होने के लिए संपादन स्क्रीन का नया नाम प्रविष्ट करना शुरू करें)।
- *नेटवर्क तक पहुंच* आपको अपने द्वारा *सेटिंग्स* > *सेटिंग अभिगम* में निर्धारित किए गए डाटा प्रोफाइलों में से एक चुनने में मदद करता है (पृष्ठ 25 देखें)।
- *बीयरर* आपको संपर्क आरंभ करते हुए चुनिंदा प्रोफाइल द्वारा प्रयोग किया जाने वाला नेटवर्क प्रकार चुनने में मदद करता है (पृष्ठ 25 देखें)।
- *प्रतिनिधि पता* और *प्रतिनिधि पोर्ट* आपको चुनिंदा प्रोफाइल के प्रयोग द्वारा एक वैप संपर्क आरंभ करते हुए गेटवे पता और पोर्ट नंबर निर्धारित करने में मदद करता है।
- *सुरक्षा* : स्थापित सुरक्षा *प्रमाणपत्र* की सूची (फिर उसका विवरण प्रदर्शित करने या उसे मिटाने), *सत्र की सूचना* या *वर्तमान प्रमाणपत्र* प्रदर्शित करने हेतु।

### *पुश इनबॉक्स*

यह मीनू आपको नेटवर्क और/अथवा अपने ऑपरेटर द्वारा स्वतः भेजे गए संदेश पढ़ने और प्रबंधित करने में मदद करता है।

*कुछ स्थितियों में, आपको यह सूचित करने हेतु स्क्रीन पर एक लाल "@" चिह्न प्रदर्शित होता है कि आपको एक नया पुश संदेश प्राप्त हुआ है। उसे पढ़ने हेतु OK या निष्क्रिय अवस्था में वापिस जाने हेतु वापस दबाएं।*

पुश संदेशों में संबंधित वैप सेवाओं को शीघ्र एक्सेस करने हेतु यूआरएल कड़ियाँ शामिल होती हैं: कड़ी पर एक क्लिक ब्राउज़िंग या आपके हैंडसेट में मल्टीमीडिया फाइलें डाउनलोड करने हेतु वैप साइट से संपर्क स्थापित करेगा।

*आपका पुश इनबॉक्स पूर्ण होने पर, एक संदेश आपको वैप > इनबॉक्स को दबाएं में से कुछ संदेश मिटाने को कहेगा।*

### *विकल्प*

ब्राउज़ करते हुए, निम्न को एक्सेस करने हेतु *विकल्प* दबाएंः

| | |
|---|---|
| *होमपेज* | प्राथमिक मुख्यपृष्ठ को एक्सेस करने हेतु। |
| *वापस* | पहले ब्राउज़ किए गए पृष्ठ पर वापिस जाने हेतु। |
| *आगे* | ब्राउज़ किए गए अगले पृष्ठ पर जाने हेतु। |
| *रिफ्रेश करें* | ब्राउज़ किए गए वर्तमान पृष्ठ को उसके मूल सर्वर से पुनः लोड करने हेतु। |
| *होमपेज की तरह सेट* | ब्राउज़ किए गए वर्तमान वैप पृष्ठ को प्राथमिक मुख्यपृष्ठ के रूप में रक्षित करने हेतु। |
| *रक्षित जैसे ...* | *चित्र संग्रह* में प्रदर्शित पृष्ठों में अंतःस्थापित आकृतियों को रक्षित करने हेतु। |
| *निकासी* | वैप सत्र समाप्त करने हेतु। |
| *पृष्ठित स्मृति*<br>*URL पर जाएं*<br>*सेटिंग्स*<br>*इनबॉक्स को दबाएं* | इन विकल्पों का विवरण देखने हेतु पृष्ठ 30 देखें। |

## कड़ियाँ

इस मीनू में यूआरएल की कड़ियाँ सम्मिलित हैं।

# 9. खेल एवं अनुप्रयोग



यह मीनू आपको जावा अनुप्रयोग एवं खेल एक्सेस करने में मदद करता है।

1. निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य मीनू में प्रवेश करने हेत [OK] दबाएं।
2. *खेल और एप्लिकेशन* चुनें।

## खेल एवं अनुप्रयोग में उपमीनू

खेल एवं अनुप्रयोग मीनू के अधीन, आप निम्न में से एक चुन सकते हैं:

- *Java एप्लिकेशन* — आपके फोल्डर में रक्षित डाउनलोड किए गए जावा अनुप्रयोगों पर जाता है।
- *सेटिंग्स* — सभी खेलों और जावा डाउनलोड हेतु पैरामीटर संरूपित करता है।
- *खेल* — अंतःस्थापित खेलों पर जाता है।

बाहर आने के लिए, [c] दबाएं। मीनू में जाने के लिए [-] दबाएं।

## जावा अनुप्रयोग

नए जावा अनुप्रयोग को प्रयोग करने हेतु, आपको उसे डाउनलोड एवं स्थापित करना होगा। फिर आप डाउनलोड किए गए अनुप्रयोग को फोल्डर में रक्षित कर सकते हैं।

### *जावा अनुप्रयोग डाउनलोड करना:*

1. वैप ब्राउज़र चालू करें।
2. इच्छित जावा फाइलों वाली वेबसाइट पर ब्राउज़ करें। वैप स्वतः ही डाउनलोड/स्थापना प्रक्रिया आरंभ करने हेतु जावा शुरू कर देगा।
3. फिर जावा अनुप्रयोग उत्पाद में रक्षित किया जाता है और स्थापना प्रक्रिया आरंभ हो जाती है।

यदि स्थापना स्वचालित रूप से आरंभ न हो, तो निम्न क्रमों का पालन करें:

**जावा अनुप्रयोग स्थापित करना:**

1. *एप्लिकेशन* फोल्डर खोलें, फिर मीनू एक्सेस करने हेत [-] कुन्जी दबाएं।
2. स्थापित करें चुनें और [OK] दबाएं। अस्थापित अनुप्रयोग प्रदर्शित किए जाएंगे।
3. जो अनुप्रयोग आप स्थापित करना चाहते हैं वह चुनें और [OK] दबाएं। अस्थापित अनुप्रयोग प्रदर्शित किए जाएंगे।
4. आप जिसे स्थापित करना चाहते हैं वह चुनें और [0.+] दबाएं।

अब आप वह फोल्डर चुन सकते हैं जहाँ आप अनुप्रयोग रक्षित करना चाहते हैं।

## खेल

आप तीन खेल खेल सकते हैं: *ईंट का खेल*, *सांप*, और *मास्टरमाइंड*।

1. जो खेल आप खेलना चाहते हैं वह चुनें।
2. खेल आरंभ करने हेतु [OK] दबाएं।

## *ब्रिक खेल*

इस खेल का लक्ष्य ईंटों को एक गेंद और रैकेट से मार कर नष्ट करना है। सभी ईंटे नष्ट करने पर आप अगले स्तर पर पहुँच जाएंगे।

निम्न कुन्जियाँ प्रयोग की जाती हैं:

| | |
|---|---|
| 4 GHI | रैकेट को बाएं ले जाने हेतु। |
| 6 MNO | रैकेट को दाएं ले जाने हेतु। |
| * + | गेंद को बाईं ओर फेंक कर खेल आरंभ करने हेतु। |
| # | गेंद को दाईं ओर फेंक कर खेल आरंभ करने हेतु। |
| 0 | खेल रोकने हेतु। |

## *स्नेक*

इस खेल का लक्ष्य अधिक से अधिक अंडे खाने के लिए साँप को आस-पास घुमाना है। हर बार एक अंडा खाने से साँप की पूँछ लंबी हो जाती है। खिलाड़ी को यह ध्यान रखना होता है कि साँप के शरीर या खेल क्षेत्र के कोनों से टक्कर न हो।

निम्न कुन्जियाँ प्रयोग की जाती हैं:

| | |
|---|---|
| 4 GHI | साँप को बाएं ले जाने हेतु। |
| 6 MNO | साँप को दाएं ले जाने हेतु। |
| 2 ABC | साँप को ऊपर ले जाने हेतु। |
| 8 TUV | साँप को नीचे ले जाने हेतु। |
| 0 | खेल रोकने हेतु। |

## *मास्टरमाइंड*

इस खेल का लक्ष्य विभिन्न रेखागणितीय आकारों के समायोजन का अनुमान लगाना है।

खिलाड़ी स्क्रॉल कुन्जियों और नंबर कुन्जियों के समायोजन द्वारा आकार का अनुमान लगाता है और OK कुन्जी दबाकर पुष्टि करता है।

प्रत्येक अनुमान के बाद स्क्रीन के बाईं ओर प्यादे प्रदर्शित होते हैं:

- *कोई प्यादा नहीं*: आकार अंतिम समायोजन में नहीं है।
- *लाल प्यादा*: आकार अंतिम समायोजन में है परन्तु किसी अन्य स्थान पर।
- *हरा प्यादा*: आकार अंतिम समायोजन में है और उसी स्थान पर है।

खिलाड़ी द्वारा समायोजन का अनुमान लगाने या कोई अन्य प्रयास उपलब्ध न होने पर खेल समाप्त हो जाता है।

### कठिनाई स्तर चुनना

आप # कुन्जी द्वारा 3 विभिन्न कठिनाई स्तर चुन सकते हैं।

- *सरल*: 6 संभावित आकार + प्यादे के स्थान से मेल खाने वाले शोधन प्यादों का स्थान।
- *औसत*: 6 संभावित आकार + प्यादे के स्थान से मेल न खाने वाले शोधन प्यादों का स्थान।
- *कठिन*: 7 संभावित आकार + प्यादे के स्थान से मेल न खाने वाले शोधन प्यादों का स्थान।

रोकने हेत, 0 कुन्जी दबाएं।

## सेटिंग

दो जावा सेटिंग उपलब्ध हैं:

*स्वतः शुरु करें* — आपको स्वचालित रूप से एक जावा अनुप्रयोग आरंभ करने में मदद करता है।

*नेटवर्क तक पहुंच* — *नेटवर्क तक पहुंच* के अधीन चार उपमीनू हैं: *नेटवर्क अकाउंट*, *बीयरर*, *DNS पता*, और *प्रॉक्सी*

### *नेटवर्क एक्सेस के अधीन विकल्प:*

नेटवर्क एक्सेस के अधीन चार उपमीनू है:

*नेटवर्क अकाउंट* — यह आपको अपने द्वारा *कॉल सेवाएं* > *नेटवर्क* में निर्धारित डाटा प्रोफाइल में से एक चुनने में मदद करता है। प्रदर्शित होने वाली सूची में, अपनी पसंद का संपर्क सेटिंग चुनें और पुष्टि करने हेत OK दबाएं।

*बीयरर* — संपर्क आरंभ करते समय आपको चुनिंदा प्रोफाइल द्वारा प्रयुक्त नेटवर्क प्रकार चुनने में सहायता करता है।

- *जी एस एम* या *जी पी आर एस* — वैप संपर्कों के लिए आपका मोबाइल केवल जीएसएम या जीपीआरएस नेटवर्क का ही प्रयोग करेगा।
- *पहला जी पी आर एस* — आपका मोबाइल पहले जीपीआरएस नेटवर्क से संपर्क करने का प्रयास करेगा, फिर संपर्क के समय जीपीआरएस नेटवर्क उपलब्ध न होने पर, जीएसएम नेटवर्क से संपर्क करेगा।

*DNS पता* — यह आपको उस बाहरी डाटा नेटवर्क का डीएनएस पता प्रविष्ट करने में सहायता करता है जिससे आप जुड़ना चाहते हैं। पुष्टि करने हेत OK दबाएं।

*प्रॉक्सी* — एचटीटीपी प्राक्सी सेटिंग सीधा इंटरनेट संपर्क प्रदान न करने वाले ऑपरेटरों के लिए जावा नेटवर्क सेटिंग संरूपित करने हेतु प्रयोग की जाती हैं। यह सेटिंग इस प्रकार निर्धारित की जाती हैं:

- *प्रॉक्सी* — आप जावा नेटवर्क संपर्कों के लिए प्रॉक्सी सर्वर के प्रयोग हेतु निर्णय लेने के लिए *ऑन* या *ऑफ* चुन सकते हैं।
- *प्रतिनिधि पता* — प्रॉक्सी सर्वर का आईपी पता। यह ऑपरेटर द्वारा प्रदान किया जाना चाहिए।
- *प्रतिनिधि पोर्ट* — प्रॉक्सी सर्वर का पोर्ट नंबर। यह ऑपरेटर द्वारा प्रदान किया जाना चाहिए।
- *लॉगिन* — प्रॉक्सी सर्वर द्वारा नेटवर्क संपर्क स्थापित करने के लिए सिस्टम में लॉगिन करने हेतु प्रयोक्ता नाम।
- *पासवर्ड* — प्रयोक्ता नाम के साथ प्रयोग होने वाला प्रयोक्ता पासवर्ड।

***प्रॉक्सी सर्वर द्वारा नेटवर्क संपर्क स्थापित करने के लिए हमेशा एक लॉगिन और पासवर्ड प्रयोग करना आवश्यक नहीं होता।***

# 10. वैप

यह मीनू आपको अपने नेटवर्क के साथ प्रदान की गईं सेवाओं, जैसे समाचार, खेल, मौसम, आदि को एक्सेस करने की अनुमति देता है।

*आपका फोन पूर्व-नियोजित होने पर, आपके लिए इस भाग में दी गई सेटिंग को बदलना आवश्यक नहीं है। कुछ ऑपरेटरों के साथ, सेटिंग को दूर से सेट किया जा सकता है।*

एक वैप सत्र आरंभ करने हेतु, *ऑपरेटर* > *वैप* > *होमपेज* चुनें।

| | |
|---|---|
| ▲ या ▼ प्रयोग करें | ऑन-लाइन पृष्ठ ब्राउज़ करने हेतु। |
| OK दबाएं | हाईलाइट की गई कोई आइटम चुनने हेतु। |
| c *वापस* दबाएं | पिछले पृष्ठ पर वापिस जाने हेतु। |
| दबाएं या *विकल्प* > *निकासी* चुनें | वैप सत्र समाप्त करने हेतु। |

आपका मोबाइल फोन आपके द्वारा *सेटिंग* > *नेटवर्क* मीनू में निर्धारित *सेटिंग अभिगम* के अनुसार नेटवर्क से जुड़ता है। संपर्क त्रुटि होने की स्थिति में, स्क्रीन "मीनू पर जाएं" प्रदर्शित करती है: वैप विकल्प (पृष्ठ 38 देखें) एक्सेस करने हेतु या *विकल्प* दबाएं।

## मुख्यपृष्ठ

यह आपके द्वारा एक वैप सत्र आरंभ करते समय एक्सेस की जाने वाली पहली वैप साइट की कड़ी है। अधिकांश मामलों में, यह मीनू आइटम पूर्वनियोजित होती है और आपके ऑपरेटर के वैप मुख्यपृष्ठ से जुड़ेगी। इस प्राथमिक मुख्यपृष्ठ को बदलने हेतु पृष्ठ 38 पर "विकल्प" देखें।

## पृष्ठचिह्न

यह मीनू आपको अपने पसंदीदा वैप साइट पते रक्षित करने, उन्हें पुनर्नामित करने और शीघ्रता से उन्हें सूची से एक्सेस करने में मदद करता है।

ब्राउज़ करते समय *विकल्प* दबाएं, फिर *पृष्ठित स्मृति* चुनें: नाम और यूआरएल क्षेत्र स्वतः ही आपके द्वारा ब्राउज़ किए जा रहे पृष्ठ की जानकारी से भर जाएंगे।

*पृष्ठित स्मृति जोड़ें* चुनें और प्रदर्शित होने के लिए संपादन स्क्रीन का नया नाम प्रविष्ट करना शुरू करें। OK दबाएं, फिर उसी प्रकार यूआरएल पता प्रविष्ट करने हेतु आगे बढ़ें।

*बुकमार्क प्रबंध* मीनू आपको चुनिंदा पृष्ठचिह्न को *मिटाएं* या *संपादन* के विकल्प देता है।

## यूआरएल पर जाएं

यह मीनू आपको एक वैप साइट पता प्रविष्ट करने और उसे चुनने पर सीधे संपर्क करने (वैप पतों को पृष्ठचिह्न के रूप में रक्षित किए बिना उन्हें एक्सेस करने का एक तीव्र तरीका) में मदद करता है।

आपके द्वारा इस मीनू में प्रविष्ट किए गए और कम से कम एक बार संपर्क किए गए सभी पते, एक सूची में प्रदर्शित होंगे। कोई एक आइटम चुनें और संबंधित पृष्ठ का संपूर्ण पता पुनः प्रविष्ट किए बिना, उससे पुनः संपर्क करने हेतु OK दबाएं।

## सेटिंग

वैप साइट एक्सेस करने के लिए, आपको पहले एक वैप संपर्क प्रोफाइल नियोजित करना होगा।

### *प्रोफाइल चुनना*

उपलब्ध प्रोफाइलों में से एक चुनने, फिर उनमें से प्रत्येक के लिए संपर्क सेटिंग निर्धारित करने हेतु।

*नीचे वर्णित सभी संपर्क सेटिंग चुनिंदा प्रोफाइल पर लागू होती हैं।*

### *ब्राउज़र विकल्प*

वैप पृष्ठों के साथ संलग्न आकृतियों का डाउनलोड होना सक्रिय या निष्क्रिय करने हेतु।

*ऑफ चुनना ब्राउज़ किए गए पृष्ठों के व्यापक डाउनलोड को बढ़ा देगा।*

### *प्रोफाइल पुनर्नामित करना*

वर्तमान चुनिंदा प्रोफाइल को पुनर्नामित करने हेतु (प्रदर्शित होने के लिए संपादन स्क्रीन का नया नाम प्रविष्ट करना शुरू करें)।

### *कैशे*

फोन की मेमोरी का वह भाग खाली करने हेतु जहाँ किसी वैप सत्र के दौरान ब्राउज़ किए गए पृष्ठ रक्षित किए जाते हैं।

### *नेटवर्क*

- *होमपेज* : मुख्यपृष्ठ का नाम और पता बदलने हेतु (प्रदर्शित होने के लिए संपादन स्क्रीन का नया नाम प्रविष्ट करना शुरू करें)।
- *नेटवर्क तक पहुंच* आपको अपने द्वारा *सेटिंग्स* > *सेटिंग अभिगम* में निर्धारित किए गए डाटा प्रोफाइलों में से एक चुनने में मदद करता है।
- *बीयरर* आपको संपर्क आरंभ करते हुए चुनिंदा प्रोफाइल द्वारा प्रयोग किया जाने वाला नेटवर्क प्रकार चुनने में मदद करता है।
- *प्रतिनिधि पता* और *प्रतिनिधि पोर्ट* आपको चुनिंदा प्रोफाइल के प्रयोग द्वारा एक वैप संपर्क आरंभ करते हुए गेटवे पता और पोर्ट नंबर निर्धारित करने में मदद करता है।
- *सुरक्षा* : स्थापित सुरक्षा *प्रमाणपत्र* की सूची (फिर उसका विवरण प्रदर्शित करने या उसे मिटाने), *सत्र की सूचना* या *वर्तमान प्रमाणपत्र* प्रदर्शित करने हेतु।

## पुश इनबॉक्स

यह मीनू आपको नेटवर्क और/अथवा अपने ऑपरेटर द्वारा स्वतः भेजे गए संदेश पढ़ने और प्रबंधित करने में मदद करता है।

*कुछ स्थितियों में, आपको यह सूचित करने हेतु स्क्रीन पर एक लाल "@" चिह्न प्रदर्शित होता है कि आपको एक नया पुश संदेश प्राप्त हुआ है। उसे पढ़ने हेतु OK या पढ़ें या निष्क्रिय अवस्था में वापिस जाने हेतु वापस दबाएं।*

पुश संदेशों में संबंधित वैप सेवाओं को शीघ्र एक्सेस करने हेतु यूआरएल कड़ियाँ शामिल होती हैं: कड़ी पर एक क्लिक ब्राउज़िंग या आपके हैंडसेट में मल्टीमीडिया फाइलें डाउनलोड करने हेतु वैप साइट से संपर्क स्थापित करेगा।

*आपका पुश इनबॉक्स पूर्ण होने पर, एक संदेश आपको वैप > इनबॉक्स को दबाएं में से कुछ संदेश मिटाने हेतु कहेगा।*

## विकल्प

ब्राउज़ करते हुए, निम्न को एक्सेस करने हेतु *विकल्प* दबाएं:

| | |
|---|---|
| *होमपेज* | प्राथमिक मुख्यपृष्ठ को एक्सेस करने हेतु। |
| *वापस* | पहले ब्राउज़ किए गए पृष्ठ पर वापिस जाने हेतु। |
| *आगे* | ब्राउज़ किए गए अगले पृष्ठ पर जाने हेतु। |
| *रिफ्रेश करें* | ब्राउज़ किए गए वर्तमान पृष्ठ को उसके मूल सर्वर से पुनः लोड करने हेतु। |
| *होमपेज जैसे सेट* | ब्राउज़ किए गए वर्तमान वैप पृष्ठ को प्राथमिक मुख्यपृष्ठ के रूप में रक्षित करने हेतु। |
| *रक्षित जैसे ...* | *चित्र संग्रह* में प्रदर्शित पृष्ठों में अंतःस्थापित आकृतियों को रक्षित करने हेतु। |
| *निकासी* | वैप सत्र समाप्त करने हेतु। |
| *पृष्ठित स्मृति*<br>*यूआरएल पर जाएं*<br>*सेटिंग्स*<br>*इनबॉक्स को दबाएं* | इन विकल्पों का विवरण देखने हेतु पृष्ठ 36 देखें। |

# 11. अनुप्रयोग



## कैलकुलेटर

आपके फोन में एक अंतर्निमित कैल्कुलेटर है जिसे आप मूलभूत परिकलन हेतु प्रयोग कर सकते हैं। नीचे दी गई तालिका में प्रदर्शित विधि के अनुसार कुन्जीपटल द्वारा संख्याएं और नेवीगेशन कुन्जियों द्वारा ऑपरेटर प्रविष्ट किए जाते हैं:

| | |
|---|---|
| *जमा* | ▶ या *+ एक बार कुन्जी दबाएं। |
| *घटा* | ◀ या दो बार *+ कुन्जी दबाएं। |
| *गुणा* | ▲ या 3 बार *+ कुन्जी दबाएं। |
| *भाग* | ▼ या 4 बार *+ कुन्जी दबाएं। |
| *बराबर* | OK या #ॅ कुन्जी दबाएं। |



यह चिह्न स्क्रीन के ऊपरी *दाएं* भाग में प्रदर्शित होता है और ऑपरेटर प्रविष्ट करने हेतु प्रयोग की जाने वाली नेवीगेशन कुन्जी दर्शाता है।




यह चिह्न स्क्रीन के ऊपरी *बाएं* भाग में यह दर्शाने हेतु प्रदर्शित होता है कि कैलकुलेटर में OK दबाने का "=" दबाने के समान प्रभाव पड़ता है।

दशमलव बिन्दु प्राप्त करने के लिए 0.• कुन्जी दबाएं और दबाकर रखें। कैलकुलेटर की परिशुद्धता दो दशमलव अंकों तक है और अगले दशमलव अंक पर पूर्णांकित कर दी जाती है।

## अलार्म घड़ी

आपके मोबाइल फोन में स्नूज़ विशेषता के साथ एक अंतर्निमित अलार्म घड़ी है। आप तीन विभिन्न अलार्म तक सेट कर सकते हैं और चुन सकते हैं कि अलार्म पुनः बजे या नहीं। अलार्म सेट करने हेतु, नीचे दिए गए क्रमों का पालन करें:

1. कोई अलार्म चुनें और उसे *ऑन* पर सेट करें।
2. फिर समय प्रविष्ट करें और OK दबाएं।
3. फिर फ्रीक्वेन्सी चुनें: *एक बार*, *दैनिक*, *कार्य दिवस पर*।
4. अंत में, अलार्म प्रकार चुनें: ध्वनि एल्बम से *बज़र* या कोई *स्वर* और OK दबाएं।

अन्य अलार्म सेट करने हेतु उपरोक्त क्रम दोहराएं।

***आपका मोबाइल फोन बंद होने पर और/अथवा संकेत ध्वनि मौन पर सेट होने पर भी अलार्म घड़ी बजेगी। अलार्म बजने पर, उसे बंद करने हेतु कोई भी कुन्जी दबाएं (केवल स्नूज़ मोड चालू होने को छोड़कर, नीचे देखें)।***

### *स्नूज़ मोड*

यह मीनू आपको स्नूज़ मोड को *ऑन* या *ऑफ* सेट करने में मदद करता है। अलार्म बजने और स्नूज़ मोड *ऑन* होने पर :

- अस्थायी तौर पर बजना बंद करने हेतु (*रुकें* के अलावा) कोई भी कुन्जी दबाएं। अलार्म 7 मिनट बाद बजेगा।
- बजना और अलार्म की पुनरावृत्ति बंद करने हेतु *रुकें* दबाएं।

अलार्म की 9 पुनरावृत्तियों के बाद स्नूज़ मोड स्वतः ही निष्क्रिय हो जाता है।

***स्नूज़ मोड सेटिंग आपके द्वारा सेट किए गए सभी अलार्मों पर लागू होती है।***

# संगठक

यह मीनू आपके संगठक में इवेंट्स बनाने, रक्षित और प्रबंधित करने में मदद करता है। संगठक सतर्क *ऑन* होने पर कोई इवेंट निश्चित होने पर एक बीप आपको सतर्क करती है।

*संगठक अन्य विशेषताओं के साथ मोबाइल की मेमोरी क्षमता को सांझा करता है (फोनबुक, चित्र संग्रह, ध्वनि, आदि)। अपने फोन में उपलब्ध मेमोरी जानने के लिए मल्टीमीडिया > मैमोरी अवस्था चुनें।*

## नया इवेंट बनाना

1. *घटना* में, *<नया>*, फिर (*अवकाश*, *मीटिंग*, *कार्य सूची*) बनाने हेतु इवेंट प्रकार चुनें।
2. इवेंट की आरंभिक तिथि एवं समय प्रविष्ट करें और उसे नामित करें (जैसे "स्मिथ के साथ मीटिंग")।
3. एक रिमाइंडर और एक फ्रीक्वेन्सी सेट करें: चुनिंदा समय पर सतर्क दिए जाएंगे।

*रिमाइंडर केवल मीटिंग एवं कार्य सूची इवेंट्स पर लागू होता है। समय क्षेत्र बदलते हुए यह अद्यतन किया जाएगा।*

## पुराने इवेंट्स मिटाना

यह मीनू आपको पिछले इवेंट मिटाने में मदद करता है। सभी पिछले इवेंट्स मिटाने के लिए आरंभिक तिथि (भूतपूर्व या भविष्य) प्रविष्ट करें और इस तिथि से प्रारंभ होने वाले सभी इवेंट्स मिटाने के लिए दो बार OK दबाएं।

*अपने संगठक से सभी इवेंट्स मिटाने हेतु, यह सुनिश्चित करने के लिए कई वर्ष आगे की एक आरंभिक तिथि प्रविष्ट करें (जैसे 31 दिसंबर 2010) ताकि इस तिथि से पहले के सभी इवेंट्स एक साथ मिट जाएं।*

## इवेंट्स प्रबंधित करना

सूची में एक इवेंट चुनें और नीचे दिए गए विकल्पों को एक्सेस करने हेतु OK या *विकल्प* दबाएं।

| | |
|---|---|
| *मिटाएं* | चुनिंदा इवेंट मिटाने हेतु। |
| *बदलें* | चुनिंदा इवेंट बदलने हेतु। |

*किसी पुनरावृत्ति वाले इवेंट को बदलने से उस इवेंट के सभी अनुरोध परिवर्तित हो जाते हैं।*

## इवेंट्स दृश्य

आपके संगठक में रक्षित इवेंट्स *दिवस दृश्य*, *सप्ताह दृश्य* और *महीना दृश्य* में प्रदर्शित किए जा सकते हैं। कोई एक दृश्य चुनें और OK दबाएं, फिर पिछला या अगला दिन, सप्ताह या महीना प्रदर्शित करने हेतु ◄ या ► प्रयोग करें।

# 12. पता पुस्तिका



सम्पर्क दो उपलब्ध फोनबुक्स में से एक में रक्षित किए जाते हैं : आपके सिम कार्ड में (प्रविष्टियों की संख्या कार्ड की क्षमता पर निर्भर करती है) या आपके फोन में (999 नामों तक)। नए नाम प्रविष्ट करते समय, सम्पर्क केवल आपके द्वारा चुनी गई फोनबुक में ही जोड़े जाएंगे।

## पता पुस्तिका चुनना

1. निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य मीनू में प्रवेश करने हेत OK दबाएं।
2. सिम फोन बुक या फोन की पता पुस्तिका में संपर्क रक्षित करने हेतु चयन करने के लिए *पता पुस्तिका* > *सेटिंग्स* > *संपर्क चुनें* चुनें।
3. *सिम कार्ड में* या *फोन में* चुनें।
4. अपना चुनाव करने हेतु OK दबाएं।

## संपर्क जोड़ना

### *ऑनबोर्ड फोन बुक में संपर्क जोड़ना*

1. सूची में *पता पुस्तिका* > *पता पुस्तिका* > *<नया संपर्क>* चुनें।
2. प्रथम, फिर अंतिम नाम (20 लैटिन वर्णों तक) प्रविष्ट करें ; दो क्षेत्रों में से एक खाली हो सकता है, परन्तु दोनों नहीं। OK दबाएं।
3. संपर्क नंबर प्रविष्ट करें और OK दबाएं।
4. फिर *नंबर प्रकार* चुनें (*फोन*, *फैक्स*, और *डाटा* आदि)।

*वर्णसंख्यात्मक क्षेत्र (लेख और ई-मेल) बदले और मिटाए जा सकते हैं।*

### *सिम फोन बुक में संपर्क जोड़ना*

1. नया संपर्क बनाने हेतु *<नया>* चुनें और OK दबाएं।
2. अपनी पसंद का नाम और नंबर, फिर नाम के लिए निर्धारित नंबर प्रकार (*फोन*, *फैक्स*, और *डाटा*) प्रविष्ट करें और इस नाम को अपनी फोनबुक में रक्षित करने हेतु OK दबाएं।

*आपके सिम के अनुसार, कोई भी नंबर 40 अंकों तक सीमित होता है। अंतर्राष्ट्रीय पूर्वलग्न, देश एवं क्षेत्र कोड प्रविष्ट करने से आप किसी भी स्थान से नंबर डायल कर सकते हैं।*

## संपर्क संपादित एवं प्रबंधित करना

निष्क्रिय अवस्था में फोन बुक एक्सेस करने हेतु OK दबाएं। चुनिंदा संपर्क का नंबर, स्क्रीन के निचले भाग में, एक हाईलाइट की गई पंक्ति में प्रदर्शित होगा। किसी विशिष्ट नाम को खोजने हेतु :

| | |
|---|---|
| 1 से 9 और # | सूची में आप जिस अक्षर पर जाना चाहते हैं उसके लिए कुन्जी दबाएं (जैसे अक्षर "U" को एक्सेस करने हेतु दो बार 8 दबाएं)। सूची में इस अक्षर से आरंभ होने वाला पहला रिकार्ड चुना जाएगा। |
| # | यह कुन्जी दबाएं फिर जो नाम आप खोज रहे हैं उसके पहले अक्षर प्रविष्ट करें, और सीधे उस नाम पर जाने के लिए OK दबाएं। |

### सिम फोनबुक में

अपनी सिम फोनबुक में से एक संपर्क चुनें और निम्न विकल्पों को एक्सेस करने हेतु [OK] दबाएं:

| | |
|---|---|
| *वृत्तांत* | *कॉल* |
| *चमक डायल* | *मिटाएं* |
| *एस एम एस भेजें* | *फोन को कॉपी* |
| *बदलें* | |

### ऑनबोर्ड फोनबुक में

अपने फोन की फोनबुक का एक संपर्क चुनें। चुनिंदा नाम में विभिन्न नंबर या क्षेत्र शामिल होने पर (नीचे देखें), एक क्षेत्र से दूसरे में जाने के लिए केवल ◄ या ► दबाएं (स्क्रीन के निचले भाग में हाईलाइट होते हुए, चुनिंदा क्षेत्र की जानकारी प्रदर्शित होगी)।

निम्न विकल्पों को एक्सेस करने हेतु [OK] दबाएं:

| | |
|---|---|
| *कॉल* | *मिटाएं* |
| *एसएमएस भेजें* | *मैमोरी अवस्था* |
| *नाम बदलें* | *दिखाएं* |
| *समूह चुनें* | |

कोई नंबर चुनें और अतिरिक्त विकल्पों का दूसरा समूह एक्सेस करने हेतु [OK] दबाएं, जिनमें शामिल हैं :

| | |
|---|---|
| *कॉल* | फोनबुक में दिए गए नंबर को कॉल करने हेतु। |
| *एस एम एस भेजें* | फोनबुक में दिए गए संपर्क को एसएमएस भेजने हेतु। |
| *नाम बदलें* | फोनबुक में दिए गए संपर्क का नाम बदलने हेतु। |
| *समूह चुनें* | संपर्क समूह चुनें। ध्यान दें कि आप प्रत्येक संपर्क समूह के लिए संकेत ध्वनियाँ और चित्र निर्धारित करने हेतु *समूह सेटिंग* का प्रयोग कर सकते हैं। |
| *मिटाएं* | चुनिंदा संपर्क को फोनबुक से मिटाने हेतु। |
| *सभी को मिटाएं* | एक साथ सभी संपर्क मिटाने हेतु। यह विकल्प केवल ऑनबोर्ड फोनबुक पर लागू होता है, सिम फोनबुक पर नहीं। |
| *फोन को कॉपी* | यह विकल्प आपके सिम कार्ड की विषय-वस्तु को आपके फोन में प्रतिलिपि कर देगा। यदि आपने पहली बार अपना फोन चालू करने पर अपनी सिम फोनबुक की स्वत: प्रतिलिपि को रद्द या निरस्त कर दिया है, तो इस विकल्प के साथ आप उसे हस्तचालित रूप से कर सकते हैं। |

***दो बार इस विकल्प को चुनने से सभी नामों की प्रतिलिपि बन जाएगी।***

| | |
|---|---|
| *मैमोरी अवस्था* | आपके फोन की मेमोरी रक्षण क्षमता प्रदर्शित करने हेतु। |
| *समूह सेटिंग* | आपको संपर्क समूह की सेटिंग प्रबंधित करने में मदद करता है। आप *स्वर चुनें*, *चित्र चुनें*, या समूह का *नाम बदलें*। |
| *दिखाएं* | चुनिंदा संपर्क का ब्यौरा (नाम, फोन नंबर, कार्यालय का नंबर, मोबाइल फोन नंबर, आदि) प्रदर्शित करने हेतु। |

# चित्र एवं चिह्न

निष्क्रिय अवस्था में, स्क्रीन पर एक साथ कई चिह्न प्रदर्शित किए जा सकते हैं।

*यदि नेटवर्क का चिह्न प्रदर्शित न हो, तो नेटवर्क वर्तमान तौर पर उपलब्ध नहीं होगा। आप किसी निकृष्ट अभिग्रहण क्षेत्र में हो सकते हैं, किसी अन्य स्थान पर जाना सहायक हो सकता है।*

**मौन** - आपका फोन कोई कॉल प्राप्त करते हुए नहीं बजेगा।

**कंपन** - आपका फोन कोई कॉल प्राप्त करते हुए कम्पन करेगा।

**जी पी आर एस संलग्न** - आपका फोन जीपीआरएस नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।

**एस एम एस संदेश** - आपने एक नया संदेश प्राप्त किया है।

**वाणी संदेश** - आपने एक नया ध्वनि संदेश प्राप्त किया है।

**बैटरी** - रेखाएं बैटरी का स्तर दर्शाती हैं (4 रेखाएं = पूर्ण, 1 रेखा = कम)।

**अलार्म घड़ी** सक्रिय।

**रोमिंग** - आपके फोन द्वारा अपने नेटवर्क से अलग किसी नेटवर्क में पंजीकृत होने पर (विशेषतः आपके विदेश में होने पर) प्रदर्शित किया जाता है।

**एस एम एस सम्पूर्ण** - संदेशों के लिए मेमोरी सम्पूर्ण हो गई है। नए संदेश रक्षित करने हेतु पुराने मिटाएं।

**नंबर पर स्वतंत्र कॉल अंतरण** - आपकी सभी इनकमिंग ध्वनि कॉलें ध्वनि मेल के अलावा किसी अन्य नंबर पर अंतरित की जा रही हैं।

**ध्वनि मेलबॉक्स में कॉल अंतरण** - आपकी सभी कॉलें ध्वनि मेल पर अंतरित की जा रही हैं।

**होम क्षेत्र** - आपके नेटवर्क ऑपरेटर द्वारा निर्धारित एक क्षेत्र। सेवा पर निर्भर, अधिक जानकारी हेतु अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

**जी एस एम नेटवर्क:** आपका फोन एक जीएसएम नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।
**प्राप्ति गुणवेंत्ता:** जितनी अधिक रेखाएं प्रदर्शित होंगी प्राप्ति उतनी बेहतर होगी।

**एस एम एस गपशप** - विकल्प *ऑन* पर सेट किया गया है।

**मैमोरी पूर्ण** - फोन की मेमोरी सम्पूर्ण हो गई है। नई वस्तुएं रक्षित करने हेतु पुरानी मिटाएं।

**एम एम एस संदेश** - आपने एक नया मल्टीमीडिया संदेश प्राप्त किया है।

***वैप संदेश*** - आपने वैप पुश इनबॉक्स में एक संदेश प्राप्त किया है।

***स्वतः चालू/बंद*** - विकल्प *ऑन* पर सेट किया गया है।

# सावधानियाँ

## रेडियो तरंगें



आपका सेल्युलर मोबाइल फोन एक **कम ऊर्जा वाला रेडियो ट्रान्समीटर और रिसीवर** है। इसके प्रचालित होने पर, यह रेडियो तरंगें प्रेषित और प्राप्त करता है। रेडियो तरंगें आपके दूरभाष नेटवर्क से जुड़े एक बेस स्टेशन को आपकी ध्वनि या डाटा संकेत वहन करती हैं। नेटवर्क फोन की संचारण ऊर्जा को नियंत्रित करता है।

- आपका फोन जीएसएम फ्रीक्वेन्सी (900 /1800/1900 MHz) में रेडियो तरंगें प्रेषित/प्राप्त करता है।
- जीएसएम नेटवर्क संचारण ऊर्जा (0.01 से 2 वॉट्स) को नियंत्रित करता है।
- आपका फोन सभी संबद्ध सुरक्षा मानकों का पालन करता है।
- आपके फोन पर CE का चिह्न युरोपीय विद्युतचुम्बकीय संगतता (संदर्भ 89/336/EEC) और कम वोल्टेज निदेशों (संदर्भ 73/23/EEC) के प्रति अनुरूपता प्रदर्शित करता है।

शरीर के साथ संचालन हेतु, इस फोन का परीक्षण किया गया है और किसी धातु-रहित और हैंडसेट को शरीर से कम से कम 1.5 से.मी. दूर रखने वाले सहायक उपकरण के साथ प्रयोग करने पर एफसीसी आरएफ प्रदर्शन के निर्देशों का पालन करता है। संभवतः अन्य सहायक उपकरणों के प्रयोग द्वारा एफसीसी आरएफ प्रदर्शन के निर्देशों के साथ संगतता सुनिश्चित न हो।

आपका सेल्युलर मोबाइल फोन आपकी ज़िम्मेदारी है। अपने आप को, दूसरों या स्वयं फोन को क्षतिग्रस्त होने से बचाने हेतु, सभी सुरक्षा निर्देश पढ़ें और उनका पालन करें और अपना फोन मांगने वाले किसी भी व्यक्ति को उनकी जानकारी दें। इसके अतिरिक्त अपने फोन के अनाधिकृत प्रयोग से बचने के लिए :



अपना फोन एक सुरक्षित स्थान पर और छोटे बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

अपना पिन कोड लिखने से बचें। बल्कि उसे याद रखने का प्रयास करें।

यदि आप फोन को लम्बे समय के लिए बिना प्रयोग किए रखना चाहते हैं तो फोन बंद कर दें और बैटरी निकाल लें।

अपना फोन खरीदने के बाद और कॉल प्रतिबंध विकल्प सक्रिय करने के लिए अपना पिन कोड बदल लें।



आपके फोन का डिज़ाइन लागू होने वाले सभी नियम एवं कानूनों के अनुरूप है। हालांकि आपका फोन अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। अतः आपको घर और बाहर दोनों स्थानों पर अपने सेल्युलर फोन का प्रयोग करते समय सभी **स्थानीय सुझावों और नियमों** का पालन करना होगा। **वाहनों और विमानों में सेल्युलर फोनों के प्रयोग संबंधी नियम विशेष रूप से कड़े हैं।**

कुछ समय से सेल्युलर फोनों के उपयोगकर्ताओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी संभावित खतरों पर लोगों का ध्यान केन्द्रित हुआ है। जीएसएम तकनीक सहित, रेडियो तरंग तकनीक में वर्तमान शोध का पुनरावलोकन किया गया है और रेडियो तरंग की ऊर्जा के सम्पर्क से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा मानकों की रूपरेखा तैयार की गई है। आपका सेल्युलर टेलीफोन **लागू होने वाले सभी सुरक्षा मानकों** और रेडियो यन्त्र एवं दूरसंचार यन्त्र निदेश 1999/5/EC **के अनुरूप है।**

## अपना फोन हमेशा बंद रखें ...

अपर्याप्त रूप से सुरक्षित या **संवेदनशील इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** रेडियो ऊर्जा से प्रभावित हो सकते हैं। इस व्यवधान से दुर्घटनाएं हो सकती हैं।



किसी **विमान** में चढ़ने से पहले और/या अपने सामान में फोन को पैक करते समयः विमान में मोबाइल फोन्स का प्रयोग विमान के संचालन के लिए खतरनाक हो सकता है, मोबाइल फोन्स के नेटवर्क में बाधा उत्पन्न कर सकता है और गैरकानूनी हो सकता है।



**अस्पतालों**, दवाखानों, अन्य स्वास्थ्य देखभाल केन्द्रों में और कहीं भी जहाँ आप **चिकित्सीय उपकरण** के बहुत निकट हों।



संभावित **विस्फोटक परिवेश** वाले क्षेत्रों में (उदाहरणस्वरूप पेट्रोल स्टेश्नों और ऐसे क्षेत्रों में भी जहाँ हवा में धूल के कण, जैसे धातु चूर्ण शामिल हों)।

ज्वलनशील उत्पाद स्थानान्तरित करने वाले किसी वाहन में (चाहे वाहन खड़ा हो) या द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) द्वारा चालित किसी वाहन में, पहले यह जाँचें कि वाहन लागू होने वाले सभी सुरक्षा नियमों के अनुरूप है।

ऐसे क्षेत्रों में भी जहाँ आपसे रेडियो संचार करने वाले यन्त्र बंद करने हेतु निवेदन किया जाए, जैसे खदानें या अन्य क्षेत्र जहाँ विस्फोट किए जा रहे हों।



वाहन के निर्माता से मालूम करें कि आपके वाहन में प्रयोग किए गए **इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** रेडियो ऊर्जा से प्रभावित न होते हों।

## पेसमेकर्स

यदि आपके पास एक **पेसमेकर** हैः

- फोन चालू होने पर, संभावित व्यवधान से बचने के लिए, उसे हमेशा अपने पेसमेकर से 15 से.मी. से अधिक दूरी पर रखें।
- फोन को सामने की जेब में न रखें।
- संभावित व्यवधान को कम से कम करने हेतु पेसमेकर के विपरीत कान का प्रयोग करें।
- यदि आपको संदेह हो कि व्यवधान हो रहा है तो अपना फोन बंद कर दें।

## श्रवण उपकरण

यदि आप एक **श्रवण उपकरण** के प्रयोक्ता हैं, तो अपने चिकित्सक और श्रवण उपकरण निर्माता से यह जानने के लिए परामर्श लें कि क्या आपका विशिष्ट यन्त्र सेल्युलर फोन के व्यवधान के प्रति संवेदनशील है या नहीं।

## निष्पादन में सुधार

**अपने फोन के निष्पादन में सुधार करने,** रेडियो ऊर्जा उत्सर्जन कम करने, **बैटरी की खपत कम करने और सुरक्षित प्रचालन सुनिश्चित करने हेतु निम्न निर्देशों का पालन करें:**



फोन के अनुकूलतम और संतोषजनक निष्पादन हेतु आपको फोन को सामान्य प्रचालन अवस्था में प्रयोग करने का सुझाव दिया जाता है (हैंड्स-फ्री अवस्था में या किसी हैंड्स-फ्री सहायक उपकरण के साथ प्रयोग न करते हुए)।

- अपने फोन को अत्यधिक तापमानों के सम्पर्क में न आने दें।

• फोन की देखभाल करें। किसी भी दुरोपयोग से अंतर्राष्ट्रीय गारंटी समाप्त हो जाएगी।
• फोन को किसी द्रव्य में न डुबाएं; यदि आप का फोन गीला हो, तो उसे बंद करें, बैटरी निकालें और उन्हें पुनः प्रयोग करने से पहले 24 घंटों के लिए सूखने दें।
• फोन को साफ करने हेतु, उसे किसी मुलायम कपड़े से पोंछें।
• कॉलें करने और प्राप्त करने में बैटरी की ऊर्जा एक समान खपत होती है। हालांकि, एक स्थान पर रखे रहने में मोबाइल में निष्क्रिय स्क्रीन में कम ऊर्जा खपत होती है। निष्क्रिय स्क्रीन में होने पर, आपके फोन में नेटवर्क को नवीनीकृत स्थान की जानकारी प्रेषित करने में ऊर्जा खपत होती है। बैकलाइट को छोटी समय अवधि के लिए सेट करना और मीनू में बिना कारण आगे-पीछे न जाना भी फोन के लम्बे समय तक प्रयोग और स्टैण्डबाई निष्पादनों हेतु बैटरी की ऊर्जा में बचत करेगा।

## बैटरी संबंधी जानकारी

• आपके फोन को एक पुनः चार्ज करने योग्य बैटरी द्वारा ऊर्जा प्रदान की जाती है।
• केवल निर्दिष्ट चार्जर का ही प्रयोग करें।
• जलाएं नहीं।
• बैटरी को मोड़ें या खोलें नहीं।
• धातु की वस्तुओं (जैसे आपकी जेब में रखी चाबियाँ) को बैटरी के सिरों से शार्ट सर्किट न करने दें।
• अत्यधिक गर्मी (60°से. या 140°एफ. से अधिक), नमी या ज्वलनशील परिवेशों के सम्पर्क से बचाएं।



आपको केवल फिलिप्स प्रामाणिक बैटरी एवं सहायक उपकरणों का ही प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि किन्हीं अन्य सहायक उपकरणों का प्रयोग आपके फोन को हानि पहुँचा सकता है और खतरनाक हो सकता है, तथा आपके फिलिप्स फोन के लिए सभी गारंटियों को रद्द एवं अमान्य कर देगा। गलत प्रकार के बैटरी का उपयोग विस्फोट का कारण बन सकता है।

यह सुनिश्चित करें कि क्षतिग्रस्त पुर्ज़े तुरन्त एक योग्य मिस्त्री द्वारा प्रतिस्थापित किए जाएं और वे असली फिलिप्स प्रतिस्थापन पुर्ज़ों से बदले जाएं।

## आपका मोबाइल फोन और आपकी गाड़ी



अध्ययन से पता चला है कि वाहन चलाते समय टेलीफोन पर बात करना एकाग्रता कम करता है, जो खतरनाक हो सकता है। निम्न निर्देशों का पालन करें :

• अपना पूरा ध्यान वाहन चलाने में लगाएं। फोन का प्रयोग करने से पहले सड़क के किनारे आएं और गाड़ी खड़ी करें।
• जिन देशों में आप वाहन चलाते हैं वहाँ के स्थानीय नियमों का पालन करें और अपने जीएसएम फोन का प्रयोग करें।
• यदि आप अपना फोन किसी वाहन में प्रयोग करना चाहते हैं, तो उस उद्देश्य के लिए बनाई गई हैंड्स-फ्री कार किट स्थापित करें।
• यह सुनिश्चित करें कि आपका फोन और कार किट आपकी कार में लगे किसी एयरबैग या अन्य सुरक्षा उपकरण को अवरुद्ध न करे।

कुछ देशों में सार्वजनिक सड़कों पर इन्कमिंग फोन कॉलें दर्शाने के लिए किसी वाहन की लाइट या हार्न संचालित करने हेतु किसी अलार्म तन्त्र का प्रयोग वर्जित है। स्थानीय नियम देखें।

# EN 60950 नियम

गर्म मौसम की स्थिति में या लम्बे समय तक धूप में (जैसे किसी खिड़की या किसी शीशे के पीछे) रहने के बाद, आपके फोन के आवरण का तापमान बढ़ सकता है, विशेषतः एक धातु की सज्जा होने पर। ऐसी स्थिति में अपना फोन उठाने में बहुत ध्यान दें और उसे 40°से. से अधिक या 5°से. से कम परिवेशी तापमान में प्रयोग करने से भी बचें।

# वातावरण की देखभाल



अपनी पैकेजिंग सामग्री, पूर्णतः समाप्त बैटरियों और पुराने फोन के निपटान संबंधी स्थानीय नियमों का पालन करना याद रखें और कृपया उनके पुनर्चक्रण को बढ़ावा दें।

फिलिप्स ने बैटरी और पैकेजिंग पर आपके अंतिम अवशेष के पुनर्चक्रण और उचित निपटान को बढ़ावा देने हेतु तैयार किए गए मानक चिह्न लगाए हैं।

| | |
|---|---|
| | बैटरी साधारण घरेलू कचरे के साथ नष्ट नहीं की जानी चाहिए। |
| | चिह्नित पैकेजिंग सामग्री पुनर्चक्रित की जा सकती है। |
| | संस्थागत राष्ट्रीय पैकेजिंग प्राप्ति और पुनर्चक्रण तन्त्र में एक वित्तीय योगदान किया गया है। |
| | प्लास्टिक सामग्री पुनर्चक्रित की जा सकती है (प्लास्टिक की किस्म भी पहचानी जाती है)। |

# दोष-निवारण

### *फोन चालू नहीं होता*

बैटरी को निकालें/पुनः स्थापित करें। फिर बैटरी चिह्न का स्क्रॉल करना समाप्त होने तक फोन को चार्ज करें। चार्जर से हटाएं और मोबाइल चालू करने का प्रयास करें।

### *आपके द्वारा चालू करने पर प्रदर्शन अवरुद्ध प्रदर्शित करता है*

किसी ने आपके फोन को प्रयोग करने का प्रयास किया है परन्तु वह न ही पिन कोड और न मुक्ति कोड (पीयूके) जानता था। अपने सेवा प्रदाता से सम्पर्क करें।

### *प्रदर्शन आईएमएसआई असफलता प्रदर्शित करता है*

समस्या आपकी सदस्यता से संबंधित है। अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *आपका फोन निष्क्रिय स्क्रीन पर वापिस नहीं जाता*

फोन काटने की कुन्जी को देर तक दबाकर रखें या फोन बंद करें, यह जाँचें कि सिम कार्ड और बैटरी सही प्रकार स्थापित हैं और उसे पुनः चालू करें।

### *नेटवर्क चिह्न प्रदर्शित नहीं होता*

नेटवर्क सम्पर्क समाप्त हो गया है। आप या तो किसी रेडियो प्रभाव में हैं (किसी सुरंग या ऊँची इमारतों के बीच) या आप नेटवर्क आवरण क्षेत्र से बाहर हैं। किसी अन्य स्थान से प्रयास करें, नेटवर्क से पुनः सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास करें (विशेषतः जब विदेश में हों), यदि आपके मोबाइल में बाहरी एन्टिना है तो यह जाँच लें कि एन्टिना सही स्थान पर हो, या नेटवर्क संबंधी सहायता/जानकारी के लिए अपने नेटवर्क ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *कुन्जियों के दबने पर प्रदर्शन प्रतिक्रिया नहीं करता (या प्रदर्शन धीरे-धीरे प्रतिक्रिया करता है)*

प्रदर्शन बहुत कम तापमानों पर बहुत धीरे प्रतिक्रिया करता है। यह सामान्य है और फोन के प्रचालन को प्रभावित नहीं करता। फोन को एक गर्म स्थान के निकट ले जाएं और पुनः प्रयास करें। अन्य मामलों में, कृपया अपने फोन प्रदाता से सम्पर्क करें।

### *आपकी बैटरी अधिक गर्म होती हुई लगती है*

संभवतः आप किसी ऐसे चार्जर का प्रयोग कर रहे हों जो आपके फोन के लिए अभीष्ट नहीं है। यह सुनिश्चित करें कि आप हमेशा अपने फोन के साथ प्रदान किए गए फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण का ही प्रयोग करते हैं।

### *आपका फोन इनकमिंग कॉलों के फोन नम्बर प्रदर्शित नहीं करता*

यह लक्षण नेटवर्क और सेवा पर निर्भर है। नेटवर्क द्वारा कॉलकर्ता का नम्बर प्रेषित न करने पर, फोन *कॉल 1* या *रोक लिया* प्रदर्शित करेगा। इस विषय में अधिक जानकारी हेतु अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *आप पाठ्य संदेश नहीं भेज पा रहे*

कुछ नेटवर्क अन्य नेटवर्क्स के साथ संदेशों का आदान-प्रदान समर्थित नहीं करते। पहले यह जाँच लें कि आपने अपने एसएमएस केन्द्र का नम्बर प्रविष्ट किया है, या इस विषय में अधिक जानकारी हेतु अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *आप चित्र प्राप्त और/अथवा रक्षित नहीं कर सकते*

संभव है आपके मोबाइल फोन में कोई चित्र स्वीकार न हो यदि वह बहुत बड़ा हो, यदि उसका नाम बहुत लम्बा हो, या उसका फाइल फॉर्मैट सही नहीं है।

### *आपको ऐसा लगता है कि आपसे कुछ कॉलें छूट जाती हैं*

अपने कॉल अंतरण विकल्प जाँच लें।

### *बैटरी चार्ज के दौरान, बैटरी का चित्र कोई रेखा प्रदर्शित न करता हो और बाहरी रेखा प्रज्वलित होती हो*

बैटरी केवल किसी ऐसे वातावरण में चार्ज करें जहाँ तापमान 0°से. (32°एफ.) से नीचे या 50°से. (113°एफ.) से ऊपर न जाता हो। अन्य मामलों में कृपया अपने फोन विक्रेता से सम्पर्क करें।

### प्रदर्शन सिम असफलता प्रदर्शित करता है

यह जाँच लें कि सिम कार्ड सही स्थान पर लगाया गया है। यदि समस्या बनी रहे, तो संभव है आपका सिम कार्ड क्षतिग्रस्त हो। अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### मीनू में किसी लक्षण का प्रयोग करने पर, मोबाइल प्रदर्शित करता है अनुमति नहीं

कुछ लक्षण नेटवर्क पर निर्भर करते हैं। अतः, वे केवल नेटवर्क या आपकी सेवा द्वारा समर्थित होने पर ही उपलब्ध होते हैं। इस विषय में अधिक जानकारी हेतु अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### प्रदर्शन दिखाता है अपना सिम प्रविष्ट करें

यह जाँच लें कि सिम कार्ड सही स्थान पर लगाया गया है। यदि समस्या बनी रहे, तो संभव है आपका सिम कार्ड क्षतिग्रस्त हो। अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### आपके फोन की स्वतंत्रता उपयोगकर्ता निर्देशिका में दी गई स्वतंत्रता से कम लगती है

स्वतंत्रता आपकी सेटिंग्स (जैसे घंटी की ध्वनि, बैकलाइट की अवधि) और आपके द्वारा प्रयोग किए जाने वाले लक्षणों से संबंधित होती है। स्वतंत्रता बढ़ाने के लिए, और जहाँ संभव हो, आपको अपने द्वारा प्रयोग न किए जाने वाले लक्षण निष्क्रिय कर देने चाहिए।

### आपका फोन आपकी गाड़ी में सही प्रकार काम नहीं करता

गाड़ी में धातु के कई हिस्से होते हैं जो फोन के प्रदर्शन को प्रभावित करने वाली विद्युतचुम्बकीय तरंगों को समाविष्ट कर लेते हैं। आपको एक बाहरी एंटीना प्रदान करने के लिए एक कार किट उपलब्ध है और आपको हैंडसेट के प्रयोग बिना फोन कॉल्स करने और प्राप्त करने में सक्षम बनाती है।

*स्थानीय प्राधिकरणों से पता करें कि आपको वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग करने की अनुमति है या नहीं।*

### आपका फोन चार्ज नहीं हो रहा

यदि आपकी बैटरी पूर्णतः समाप्त हो चुकी है, तो स्क्रीन पर चार्जिंग चिह्न प्रदर्शित होने से पहले उसे पूर्व-चार्ज हेतु कई मिनट (कुछ मामलों में 5 मिनट तक) लग सकते हैं।

# फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण

कुछ सहायक उपकरण, जैसे एक बैटरी और एक चार्जर, आपके मोबाइल फोन के पैकेज में मानक तौर पर शामिल होते हैं। अन्य सहायक उपकरण भी प्रदान किए जा सकते हैं या अलग से बेचे जा सकते हैं। अतः पैकेज में शामिल वस्तुएं भिन्न हो सकती हैं।

*अपने फिलिप्स मोबाइल फोन के प्रदर्शन का अधिकतम लाभ प्राप्त करने और वारंटी रद्द न करने हेतु, हमेशा फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण ही खरीदें जो विशेष रूप से आपके फोन के साथ प्रयोग करने हेतु तैयार किए जाते हैं। गैर प्रामाणिक सहायक उपकरणों के प्रयोग द्वारा होने वाली किसी भी क्षति के लिए फिलिप्स कन्ज़्युमर इलेक्ट्रॉनिक्स को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।*

## चार्जर

किसी भी ए.सी. आउटलेट में आपकी बैटरी चार्ज करता है। किसी ब्रीफकेस/हैण्डबैग में ले जाने हेतु काफी छोटा है।

## कैरी केस

खरोंचों और रगड़ों से आपके फोन की रक्षा करता है।

## हेडसेट

आपको हैंड्सफ्री बात करने में मदद करता है। यह विशेष तौर पर आपके द्वारा वाहन चलाते समय उपयोगी होता है।

# ट्रेडमार्क कथन

JAVA Sun Microsystems, Inc. का एक ट्रेडमार्क है।

T9® Tegic Communications Inc. का एक ट्रेडमार्क है।

Tegic Euro. Pat. App. 0842463

# एसएआर जानकारी - ईयू (आरटीटीई)

**यह मोबाइल फोन रेडियो तरंगों के प्रदर्शन संबंधित  यूरोपियन यूनियन की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है**

आपका मोबाइल फोन एक रेडियो प्रसारक एवं प्राप्तकर्ता है।यह काउंसिल ऑफ यूरोपियन यूनियन द्वारा प्रस्तावित रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) के एक्सपोज़र हेतु सीमाओं के भीतर अभिकल्पित एवं निर्मित है। ये सीमाएं व्यापक निर्देशों का हिस्सा हैं और सामान्य लोगों के लिए आर.एफ. ऊर्जा के अनुमोदित स्तर स्थापित करती हैं। ये निर्देश वैज्ञानिक अध्ययनों के सामयिक और संपूर्ण मूल्यांकन के बाद स्वतंत्र वैज्ञानिक संगठनों द्वारा विकसित किए गए थे। इन सीमाओं में आयु और स्वास्थ्य की पर ध्यान दिए बिना, सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभिकल्पित महत्वपूर्ण सुरक्षा गुंजाइश शामिल है।

मोबाइल फोन के लिए प्रदर्शन मानक में विशिष्ट अवशोषण दर अथवा (एसएआर) के रूप में ज्ञात माप-इकाई का प्रयोग होता है। काउंसिल ऑफ यूरोपियन यूनियन द्वारा प्रस्तावित विशिष्ट अवशोषण दर (एसएआर) सीमा 2.0 वा./कि.ग्रा. है। फोन द्वारा सभी फ्रीक्वेंसी बैण्ड्स में अपने सर्वोच्च प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर प्रसारण करते हुए सुझावित प्रचालन अवस्थाओं के प्रयोग द्वारा एसएआर के लिए निरीक्षण किए गए हैं। हालांकि एसएआर सर्वोच्च प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर निर्धारित किया जाता है, प्रचालन के समय मोबाइल फोन के वास्तविक एसएआर स्तर सामान्यतः अधिकतम एसएआर दर से कम होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि फोन बहु-ऊर्जा स्तरों पर प्रचालन के लिए अभिकल्पित होते हैं ताकि नेटवर्क तक पहुँच के लिए केवल वांछित ऊर्जा का प्रयोग हो। सामान्यतः, आप किसी बेस स्टेशन एन्टिना के जितने निकट होंगे, ऊर्जा उतनी ही कम होगी। सार्वजनिक तौर पर बिक्री हेतु कोई भी फोन मॉडल उपलब्ध होने से पहले, यूरोपियन आरटीटीई निर्देश के साथ संगतता प्रदर्शित की जानी चाहिए। इस निर्देश में एक अनिवार्य आवश्यकता के तौर पर प्रयोक्ता और किसी अन्य व्यक्ति हेतु स्वास्थ्य की रक्षा और सुरक्षा शामिल हैं।

मानक के विरुद्ध अनुरूपता हेतु परीक्षण करने पर इस सीटी 1898- फिलिप्स 189 / जिनियम 9@9a के लिए अधिकतम एसएआर दर 0.749 वा./कि.ग्रा. थी। यद्यपि विभिन्न फोन्स के एसएआर स्तरों और विभिन्न अवस्थाओं में एसएआर स्तरों में अंतर हो सकता है, वे सभी आरएफ प्रदर्शन के संबद्ध अंतराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों की पूर्ति करते हैं।

# एसएआर जानकारी - अंतर्राष्ट्रीय (आईसीएनआईआरपी)

## यह मोबाइल फोन रेडियो तरंगों के प्रदर्शन संबंधित  यूरोपियन यूनियन की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है

आपका मोबाइल फोन एक रेडियो प्रसारक एवं प्राप्तकर्ता है।यह अंतरर्रश्ट्रीय निर्देशों (आईसीएनआईआरपी) द्वारा प्रस्तावित रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) के एक्सपोज़र हेतु सीमाओं के भीतर अभिकल्पित एवं निर्मित है। ये निर्देश वैज्ञानिक अध्ययनों के सामयिक और संपूर्ण मूल्यांकन के बाद स्वतंत्र वैज्ञानिक संगठनों द्वारा विकसित किए गए थे। इन निर्देशों में आयु और स्वास्थ्य की पर ध्यान दिए बिना, सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभिकल्पित महत्वपूर्ण सुरक्षा गुंजाइश शामिल है।

मोबाइल फोन के लिए एक्सपोज़र मानक में विशिष्ट अवशोषण दर अथवा (एसएआर) के रूप में ज्ञात माप-इकाई का प्रयोग होता है। अंतर्राष्ट्रिय मापदंड में प्रस्तावित विशिष्ट अवशोषण दर (एसएआर) सीमा 2.0 वा./कि.ग्रा. है।

फोन द्वारा सभी फ्रीक्वेंसी बैण्ड्स में अपने सर्वोच्च प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर प्रसारण करते हुए सुझावित प्रचालन अवस्थाओं के प्रयोग द्वारा एसएआर के लिए निरीक्षण किए गए हैं। हालांकि एसएआर सर्वोच्च प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर निर्धारित किया जाता है, प्रचालन के समय मोबाइल फोन के वास्तविक एसएआर स्तर सामान्यतः अधिकतम एसएआर दर से कम होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि फोन बहु-ऊर्जा स्तरों पर प्रचालन के लिए अभिकल्पित होते हैं ताकि नेटवर्क तक पहुँच के लिए केवल वांछित ऊर्जा का प्रयोग हो। सामान्यतः, आप किसी बेस स्टेशन एन्टिना के जितने निकट होंगे, ऊर्जा उतनी ही कम होगी।

कान के साथ उपयोग के दौरान परीक्षण करने पर इस सीटी 1898- फिलिप्स 189 / जिनियम 9@9a के लिए अधिकतम एसएआर दर 0.749 वा./कि.ग्रा. है। यद्यपि विभिन्न फोन्स के एसएआर स्तरों और विभिन्न अवस्थाओं में एसएआर स्तरों में अंतर हो सकता है, वे सभी आरएफ एक्सपोज़र के संबद्ध अंतराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों की पूर्ति करते हैं।

# सीमित वारंटी

1. इस सीमित वारंटी में क्या शामिल है?

फिलिप्स मूल फुटकर क्रेता (“उपभोक्ता” या “आप”) को वारंटी देता है कि फिलिप्स द्वारा मूल रूप से बिक्री पैकेज (“उत्पाद”) में प्रदान किया गया यह फिलिप्स सेल्युलर उत्पाद और सभी सहायक उपकरण निम्नलिखित शर्तों और स्थितियों के अधीन और उपयोग संबंधी निर्देशों के साधारण प्रयोग हेतु सामान, अभिकल्प और कारीगरी की खराबी से मुक्त है। यह सीमित वारंटी उपभोक्ता को केवल क्रय के मूल देश में खरीदे गए और प्रयोग किए जा रहे उत्पादों के लिए प्रदान की जाएगी। सीमित वारंटी केवल फिलिप्स द्वारा उत्पाद की बिक्री हेतु अभिप्रेत देश में ही मान्य है।

2. सीमित वारंटी की अवधि कितनी होती है?

उत्पाद के लिए सीमित वारंटी की अवधि उत्पाद की खरीद की तिथि से, खरीद के वैध प्रमाण द्वारा प्रलेखित, एक (1) साल के लिए प्रभावी है। पुनः चार्ज करने योग्य असली फिलिप्स बैटरी की सीमित वारंटी खरीद की तिथि से छः (6) महीने तक प्रभावी है।

3. सीमित वारंटी की अवधि के दौरान उत्पाद के सामान और कारीगरी में भौतिक त्रुटियों से मुक्त न होने पर फिलिप्स क्या करेगा?

सीमित वारंटी की अवधि के दौरान, फिलिप्स के विकल्प पर फिलिप्स या उसका अधिकृत सेवा प्रतिनिधि किसी खराब उत्पाद को, पुर्ज़ों या श्रम हेतु बिना शुल्क लिए, ठीक करेगा या नए या पुनर्निर्मित पुर्ज़ों या उत्पाद से बदलेगा और ऐसा ठीक किया गया उत्पाद चालू हालत में उपभोक्ता को लौटाएगा। फिलिप्स खराब पुर्ज़े, घटक या यन्त्र रख लेगा।

ठीक किया गया या बदला गया उत्पाद इस सीमित वारंटी द्वारा मूल सीमित वारंटी की अवधि के शेष बचे समय या ठीक करने या बदलने जाने की तिथि से नब्बे (90) दिनों, जो भी अधिक हो, के लिए शामिल किया जाएगा। फिलिप्स के विकल्प पर, उत्पाद की मरम्मत या प्रतिस्थापन आपके लिए विशिष्ट सुविधा है।

4. इस सीमित वारंटी में क्या शामिल नहीं है?

इस सीमित वारंटी में निम्नलिखित शामिल नहीं है:

a) दुरुपयोग, दुर्घटना, परिवहन या अन्य भौतिक क्षति, अनुचित स्थापना, असामान्य प्रचालन प्रबंधन, अनदेखी, बाढ़, आग, जल या अन्य तरल पदार्थ का प्रवेश; या
b) फिलिप्स द्वारा अनाधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा की गई मरम्मत, बदलाव, या परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त उत्पाद; या
c) उत्पाद जिसमें सिग्नल स्थितियों, नेटवर्क विश्वसनीयता या तार या एन्टिना तन्त्रों के कारण प्राप्ति या प्रचालन समस्याएं हों; या
d) गैर-फिलिप्स उत्पादों या सहायक उपकरणों के साथ प्रयोग द्वारा उत्पन्न उत्पाद त्रुटियाँ या समस्याएं; या
e) उत्पाद जिससे वारंटी/गुणवत्ता स्टिकर, उत्पाद क्रम संख्या या इलेक्ट्रॉनिक क्रम संख्या हटाई, बदली या पढ़ने योग्य न छोड़ी गई हो; या
f) उत्पाद का क्रय के मूल देश के बाहर खरीदा जाना, प्रयोग होना, जाँचा जाना, या मरम्मत हेतु लाया जाना, या व्यावसायिक या संस्थागत उद्देश्यों (किराए के लिए दिए गए उत्पाद शामिल पर सीमित नहीं) के लिए प्रयोग होना; या
g) उत्पाद जो खरीदारी के वैध प्रमाण के बिना लौटाया गया या जिसकी खरीदारी का प्रमाण बदला गया हो या पढ़ने योग्य न हो।
h) साधारण टूट-फूट या बलपूर्वक तोड़ना।

5. आप वारंटी सेवा कैसे प्राप्त कर सकते हैं?

a) उत्पाद को फिलिप्स के एक अधिकृत सेवा केन्द्र में लौटाएं। आप निकटतम अधिकृत सेवा केन्द्र के स्थान के लिए स्थानीय फिलिप्स कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।
b) फिलिप्स को देने से पहले उत्पाद से सिम कार्ड निकाला जाना चाहिए। फिलिप्स सिम कार्ड या उसमें रक्षित डाटा की क्षति या नुकसान की कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेगा।
c) यदि उत्पाद की विफलता इस सीमित वारंटी में शामिल नहीं की जाती, या सीमित वारंटी यहाँ दिए गए नियम एवं शर्तों के कारण लागू नहीं होती या अमान्य या अवैध है, तो उपभोक्ता से उत्पाद की मरम्मत या बदले जाने और मरम्मत और प्रतिस्थापन संबंधी अन्य सभी शुल्क लिया जाएगा।
d) महत्वपूर्ण - आपके लिए उत्पाद को खरीद के एक वैध प्रमाण के साथ लौटाना आवश्यक है जो स्पष्ट रूप से खरीद के स्थान, खरीद की तिथि, उत्पाद के मॉडल और उत्पाद की क्रम संख्या की पहचान करेगा।

6. अन्य शर्तः यह वारंटी एक सम्पूर्ण समझौता है।

**ऊपर पहले ही स्पष्ट की गई वारंटियों के अलावा और जो कानून द्वारा सांकेतिक हैं और जो समझौते द्वारा व्यक्त नहीं की जा सकतीं और न ही परिवर्तित की जा सकती हैं, फिलिप्स कोई अन्य वारंटी, चाहे वह स्पष्ट या सांकेतिक हो, उपलब्ध नहीं करती (चाहे कानून, कानून की प्रक्रिया के अधीन या अन्यथा) और विशेष रूप से किसी खास उद्देश्य के लिए यथेष्ट गुणवत्ता की कोई वारंटी व्यापारिकता या उपयुक्तता का बेदावा करती हैं।**
**फिलिप्स की कुल ज़िम्मेदारी उत्पाद से या उसकी ख़रीदारी या उपयोग से उत्पन्न होने वाले नुकसानों से संबंधित, ऐसे नुकसान के प्रकार और कारण पर ध्यान दिए बिना या निश्चित दावे के प्रकार या चित्रांकन (जैसे समझौता या टोपिट), उत्पाद के भुगतान के असली खरीद मूल्य से अधिक नहीं होगा।**

**हालांकि किसी भी परिस्थिति में फिलिप्स किसी भी दण्डात्मक, विशेष, प्रासंगिक, अप्रत्यक्ष या परिणामस्वरूप क्षतियों (पर प्रयोग की क्षति, समय के नुकसान, व्यावसायिक क्षति, मनुाफों में हानि, व्यापारिक अवसरों की हानि, सामान या सेवाओं के प्रतिस्थान का मूल्य, निवेशों, सुनाम या यश की क्षति, या आंकड़ों के नुकसान और तीसरे पक्षों के दावों को शामिल करते हुए) उत्पाद की खरीद या प्रयोग से उत्पन्न होने वाले, कानून द्वारा पूर्ण सीमा तक अनुमति, चाहे फिलिप्स को ऐसी क्षतियों की संभावना पर सलाह दी गई हो या नहीं। ये परिसीमाएं किसी सीमित उपाय के आवश्यक उद्देश्य की असफलता के बावजूद लागू होंगी।**

यह सीमित वारंटी उपभोक्ता और फिलिप्स के बीच इस सेल्युलर उत्पाद के संदर्भ में एक सम्पूर्ण एवं विशिष्ट समझौता प्रस्तुत करती है और पक्षों के बीच पिछले सभी समझौतों, मौखिक या लिखित, और पक्षों के बीच इस सीमित वारंटी की विषय-वस्तु से संबंधित अन्य सभी सूचनाओं को बर्ख़ास्त करती है। उसमें कोई वाहक, विक्रेता, एजेन्ट, डीलर, कर्मचारी, या फिलिप्स का कर्मचारी इस सीमित वारंटी में परिवर्तन करने हेतु अधिकृत नहीं है और आपको ऐसे किसी प्रस्ताव पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

यह सीमित वारंटी मान्य राष्ट्रीय कानूनों के अन्तर्गत उपभोक्ता के वैधानिक अधिकारों को प्रभावित नहीं करती।

# अनुरूपता कथन

हम,
**फिलिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स हाँग काँग लिमिटेड**
**बिज़नेस ग्रुप मोबाइल फोन**
**5/एफ, फिलिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स बिल्डिंग**
**5 साइंस पार्क एवेन्यू**
**शैटिन न्यु टेरिटरीज़**
**हाँग काँग**

अपनी एकमात्र ज़िम्मेदारी के अंतर्गत घोषणा करते हैं कि उत्पाद
**सीटी 1898**
सेल्युलर मोबाइल रेडियो जीएसएम 900/जीएसएम1800
टीएसी: 35532400

जिससे यह घोषणा संबंधित है, निम्न मानकों के अनुरूप है:
**ईएन 60950, ईएन 50360 और ईएन 301 489-07**
**ईएन 301 511 v 9.0.2**

हम एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि सभी अनिवार्य रेडियो टेस्ट समूह कर लिए गए हैं और यह कि उपरोक्त उत्पाद डायरेक्टिव 1999/5/ईसी की सभी अनिवार्य आवश्यकताओं के अनुरूप है।
निम्न सूचित प्राधिकरण की भागीदारी सहित डायरेक्टिव 1999/5/ईसी की धारा 10 में निर्दिष्ट और संयोजन V में वर्णित अनुरूपता मूल्यांकन प्रक्रिया का धारा 3.1 एवं 3.2 के संबंध में पालन किया गया है: बीएबीटी, बालफोर हाऊस, चर्चफील्ड रोड, वाल्टनन-थेम्स, केटी12 2टीक्यू। यू.के.।
पहचान चिह्न: **0168**

अप्रैल 07, 2006

क्वालिटी मैनेजर